रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-244 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज़

### उम्मीदवार से अधिक 'नोटा' को वोट, चुनाव रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने किसी उम्मीदवार से अधिक 'नोटा' को वोट मिलने पर संबंधित चुनाव



को अमान्य घोषित कर रद्द करने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर विचार करने का फैसला करते हुए चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक शिव खेड़ा की ओर से दायर याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने की तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी सुधेश धनखड़ के साथ तिरुमाला मंदिर में वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने दर्शन के बाद अपना अनुभव व्यक्त करते हुए कहा, 'यह यात्रा आध्यात्मिकता, दिव्यता और धार्मिकता के सबसे करीब है।' उन्होंने खुद को धन्य महसूस किया। उन्होंने कहा, यह स्थान सद्गुण, उत्कृष्ट प्रशासन और निर्बाध कामकाज का उदाहरण है और यह धार्मिक व्यवस्था के लिए एक आदर्श हो सकता है। मैं अपने और अपनी पत्नी के जीवन भर के लिए पल को यादगार मानता हूं।

### अधिकार छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस : नड्डा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तुष्टिकरण की



राजनीति को लेकर कांग्रेस की तीखी आलोचना की और कहा कि वह अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग लोगों के अधिकार छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है। नड्डा ने अपने वीडियो संदेश में कहा, यह कांग्रेस का छिपा हुआ एजेंडा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टिकरण की स्पष्ट झलक दिख रही है।

# लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान संपन्न

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया। मिले आंकड़ों अनुसार- असम में 70.68 प्रतिशत, बिहार में 53.60 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.51 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर में 67.22 प्रतिशत कर्नाटक में 64.46 प्रतिशत, केरल में 64.95 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 55.19 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.71 प्रतिशत, मणिपुर में 76.46 प्रतिशत, राजस्थान में 59.54 प्रतिशत, त्रिपुरा में 77.95 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 53.02 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं निर्वाचन आयोग के अनुसार इन आंकड़ों में डाक मतपत्रों के आंकड़े शामिल नहीं हैं।

## प्रदेश की तीन सीटों में 72.51 प्रतिशत मतदान




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ की 3 सीटों के लिए मतदान हुआ। इसके साथ ही राज्य की 11 में से 4 सीटों पर वोटिंग की प्रक्रिया पूरी हो गई है। बाकी बची 7 सीटों पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। दूसरे चरण में शामिल कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद का कुछ हिस्सा नक्सल प्रभावित है, लेकिन तीनों ही सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान सपन्न हो गया। चुनाव आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार शाम 6 बजे तक तीनों सीटों पर औसत 72.51 प्रतिशत वोटिंग हुई है। आयोग के अफसरों के अनुसार यह आंकड़ा तीनों सीटों के कई बूथ दुरस्थ क्षेत्रों में थे, ऐसे में वहां से मतदान दलों के लौटने के बाद आंकड़ा बढ़ेगा। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 72.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। सबसे ज्यादा मतदान नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर विधानसभा में 75 प्रतिशत हुआ है। सबसे कम मतदान पंडरिया विधानसभा में 68.30 प्रतिशत हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक कांकेर लोकसभा में 73.50 प्रतिशत मतदान, राजनांदगांव लोकसभा में 71.87 प्रतिशत मतदान, महासमुंद लोकसभा सीट में 71.13 प्रतिशत मतदान हुआ है।

# भाजपा विकास करती है, ठगने का काम करती है कांग्रेस : विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता < मस्तूरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने आदिवासी एवं अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्रों के हितों की सदैव चिंता की है। भाजपा की सरकार में अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों का विकास तेजी से हुआ है। गिरौदपुरी में भव्य जैतखाम का निर्माण और वहां के विकास का काम हमारी भाजपा सरकार ने किया है। मस्तूरी क्षेत्र के सड़कों के विकास के लिए पूर्व की रमन सरकार ने 123 करोड़ रुपए स्वीकृत किये थे। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 34 करोड़ रुपए की स्वीकृति भाजपा सरकार ने ही दी थी। मतलब सड़क, पानी, बिजली की चिंता केवल भाजपा ही करती है। कांग्रेस केवल ठगने का काम करती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर के चिल्हाटी, मस्तूरी में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता अपनी निश्चित हार देखकर हताशा में हमारे प्रधानमंत्री पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, मोदी जी को लाठी से मारने की बात कहते हैं तो कवासी लखमा, मोदी को मर जाए कह रहे हैं। जो बहुत ही शर्मनाक है। ऐसे लोगों को जनता करारा जवाब देगी, जीरो पर आउट करेगी। मुख्यमंत्री ने जनता से भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू को भारी मतों से जिताकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। कांग्रेस और भूपेश बघेल को घेरते हुए साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। कांग्रेस ने शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन, डीएमएफ की राशि सब में घोटाला किया। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। तभी तो छत्तीसगढ़ की जनता ने 2023 में कांग्रेस को सरकार से आउट कर दिया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने युवाओं को जुआ का लत लगा दिया। महादेव सट्टा एप निर्बाध रूप से चले इसके लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा, एफआईआर भी दर्ज हुआ। जो छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हुए घोटाले के आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। जेल में चक्की पीस रहे हैं। जमीन पर सो रहे हैं, मच्छर काटने से परेशान हैं। छः महीने से एक साल हो गए उनका जमानत नहीं हो रहा है।

# देशभर में धर्म के आधार पर आरक्षण लाना चाहती है कांग्रेस : पीएम मोदी

वार्ता < अररिया/मुंगेर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडी गठबंधन) की योजनाओं को खतरनाक और संविधान के विरुद्ध बताया और कहा कि कांग्रेस अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) का हक छीनकर देशभर में धर्म के आधार पर आरक्षण लाना चाहती है । मोदी ने बिहार के अररिया और मुंगेर संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में धर्म आधारित आरक्षण नहीं हो सकता। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भी इसके पक्ष में नहीं थे और ये संविधान में भी लिखा है, लेकिन कांग्रेस ओबीसी का हक छीनकर देश भर में धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। कर्नाटक में ओबीसी कोटे के 27 प्रतिशत आरक्षण में चोरी की गयी है। आंखों में धूल झोंक कर कांग्रेस ने पर्दे के पीछे खेल खेला और रातों रात कर्नाटक के मुसलमानों को कागजी तौर पर ओबीसी बना दिया, जिसके कारण ओबीसी के आरक्षण का बड़ा हिस्सा इनके खाते में चला गया। कांग्रेस कर्नाटक आरक्षण के इसी मॉडल को पूरे देश में लागू करना चाहती है। प्रधानमंत्री ने जनता से सवाल किया, क्या आप ओबीसी के आरक्षण को लूटने देंगे। आज इनकी नजर ओबीसी के हक पर है।

### ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों के सपने चूर-चूर हुए

**फारबिसगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडी गठबंधन) को लोकतंत्र, संविधान और गरीब विरोधी बताया और कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से मतपेटियों को लूटने इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका लगा कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए। मोदी ने शुक्रवार को अररिया संसदीय क्षेत्र के फारबिसगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजद, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को न देश के संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र की परवाह है। गठबंधन के हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है लेकिन आज देश के लोकतंत्र और बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की ताकत देखिए, सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका दिया है कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो

## महापौर का चुनाव रद्द करने के खिलाफ़ 'आप' ने भाजपा के खिलाफ़ किया प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के मेयर का चुनाव रद्द करने के विरोध में सिविक सेंटर में भारतीय जनता पार्टी और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के खिलाफ प्रदर्शन किया। 'आप' नेता दुर्गेश पाठक ने कहा, उपराज्यपाल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अनुशंसा ले लेनी चाहिए, उनको अनुशंसा लेने से किसने रोका है। उपराज्यपाल ने शहरी विकास विभाग के सेक्रेटरी से फाइल मुख्य सचिव को भेजा और मुख्य सचिव ने फाइल सीधे उपराज्यपाल के पास भेज दी। उपराज्यपाल ने तो फाइल पर मंत्री की अनुशंसा लेने की कोशिश ही नहीं की। इससे साफ है कि भाजपा और उपराज्यपाल ने पहले से ही पूरी योजना बना रखी थी कि मेयर का चुनाव नहीं कराना है। पाठक ने कहा, भाजपा और उपराज्यपाल दिल्ली के अंदर दलित मेयर नहीं बनने देना चाहते हैं जबकि दिल्ली के मेयर का पद एक साल के लिए दलित प्रत्याशी के लिए आरक्षित होता है। चुनाव रद्द करने के बाद भाजपा और एलजी पूरी तरह से एक्पोज हो गए हैं। इनका दलित और संविधान विरोधी चेहरा पूरी तरह से बाहर आ गया है। आम आदमी पार्टी मेयर चुनाव कराने के लिए अदालत का भी रूख कर सकती है। 'आप' नेता ने कहा, लोकतंत्र और संविधान की हत्या करके भाजपा ने जश्न मनाया। भाजपा पार्षदों ने दलित के बेटे को मेयर बनने से रोकने के बाद निगम सदन में नाचना शुरू कर दिया। भाजपा का यह घिनौना चेहरा आज फिर देश की जनता ने देख लिया।

# मोदी घबरा गये हैं, उनकी आंखों से जल्द ही निकलेंगे आंसू : राहुल गांधी

एजेंसी < विजयपुरा
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में मौजूदा लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की संभावनाओं को लेकर घबराहट के लक्षण नजर आ रहे हैं। गांधी नेमोदी पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा, आप मोदी का भाषण सुनें। वह घबराये हुए हैं। कुछ ही दिनों में उनकी आंखों से आंसू निकलने की संभावना है। कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार के तहत धन के वितरण में कथित असमानता पर प्रकाश डालते हुए अपनी पार्टी के सत्ता में आने पर लाखों नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का वादा किया। उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने जहां कुछ लोगों को अरबपति बनाया, वहीं कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनायेगी। गांधी ने गरीबी, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन महत्वपूर्ण मामलों पर चुप हैं और केवल चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों तथा दर्शकों से तालियां बजाने या मोबाइल फोन की रोशनी दिखाने का अनुरोध करने जैसे प्रतीकात्मक संकेतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वह चीन और पाकिस्तान के बारे में बात करेंगे और आपसे ताली बजाने या मोबाइल लाइट जलाने के लिए कहेंगे, लेकिन गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी के बारे में बात नहीं करेंगे। केवल कांग्रेस ही इन मुद्दों का समाधान कर सकती है। इसके अलावा, गांधी ने मोदी पर पिछले एक दशक में कुछ चुनिंदा लोगों को समृद्ध बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में 20-25 लोग अरबपति बन गये हैं। उन्होंने दावा किया कि महत्वपूर्ण अवनिर्माण रियोजनाएं गौतम अडानी जैसे व्यक्तियों को सौंप दी गयीं, जिससे उन्हें काफी फायदा हुआ। गांधी ने भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में विजयी होने पर संविधान को बदलने का इरादा रखती है। इसके विपरीत, कांग्रेस और इंडिया समूह समाज सुधारक बसवन्ना के आदर्शों को बनाये रखने का प्रयास कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म करने का किया वादा

# कांग्रेस की घोषणा पत्र अल्पसंख्यकों के लिए देश सरिया के आधार पर नहीं चल सकता : अमित शाह

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर के बेसिक ग्राउंड मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने ग्राम बीरनपुर निवासी भुनेश्वर साहू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भुनेश्वर की हत्या के पश्चात ईश्वर साहू को विधायक का प्रत्याशी बनाया कद्दावर नेता रविंद्र चौबे को हरा देने वाले छत्तीसगढ़ की जनता ने मेडेन दिया और तुष्टिकरण की राजनीति नहीं चलने दी। अटल ने छत्तीसगढ़ को बनाया 20 साल तक भाजपा राज्य में रही भाजपा ने छत्तीसगढ़ को विकसित किया, गरीबों को चावल नहीं मिलता था, घर-घर पीडीएस चावल पहुंचाया गया, धान का सही मूल्य देने का काम बीजेपी ने किया। यह बीजेपी की उपलब्धि रही 2 साल में नक्सलवाद को समाप्त कर देने का वादा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने स्वार्थ की राजनीति की नक्सलवाद का पालन पोषण किया। 10 साल देश में मोदी की सरकार थी इसलिए पूरे देश से नक्सलवाद खत्म हो गया। 5 साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही



इसलिए नक्सलवाद बच गया साय की सरकार बनी 4 माह के भीतर 90 नक्सलवाद खत्म कर दिए 123 नक्सली अरेस्ट हुए और सवा 200 नक्सली शरणार्थी बने छत्तीसगढ़ की भूमि में नक्सलवाद समाप्त करने का वादा करते हुए कहा कि मोदी की 10 वर्ष विकास का है। छत्तीसगढ़ राम का ननिहाल है अयोध्या में राम मंदिर बनाया कांग्रेस सरकार राम जन्मभूमि को अटका और भटका दिया था, दूसरी बार भूमि पूजन 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा राहुल बाबा को निमंत्रण दिया गया वोट बैंक के डर के कारण वोट की राजनीति करते हैं, राम लला का निमंत्रण ठुकरा दिया, कश्मीर हमारा है कि नहीं है खड़गे साहब कहते हैं, छत्तीसगढ़ वालों को राजस्थान से क्या लेना देना है, छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा जान दे सकता है, कांग्रेस पार्टी वोट बैंक की राजनीति करती है, धारा 370 को संभाल कर रखा था। देश में मोदी को बिठाया 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। मैं पार्लियामेंट में बिल लेकर खड़ा हुआ राहुल बाबा 370 न हटाए और खून की नदियां बह जाएगी कहा। कंकड तक चलाने की किसी की हिम्मत किसी की नहीं है देश में आतंकवाद की सरकार रही। जामिया आमलिया देश में घुस जाते थे मोदी की सरकार 10 दिन में सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घरों में घुसकर मारा मोदी ने 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो चावल और तीसरी बार सरकार बनी तो 2029 तक बना मिलता रहेगा। मोदी ने 12 करोड़ शौचालय बनाकर सुरक्षा सम्मान दिया चार करोड़ गरीबों के घर बनाए और सरकार बनेगी तो 3 करोड़ घर बनाकर सभी बेघर को घर दिया जाएगा 10 करोड़ उज्ज्वल का सिलेंडर दिए पाइप कनेक्शन घर पहुंचेगी 14 करोड़ नल से जल देने का काम किया 23 साल तक मुख्यमंत्री और पीएम रहे नरेंद्र मोदी 25 पैसे का आरोप नहीं लगा छत्तीसगढ़ में 5 साल कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ राज्य में महादेव सट्टा, कोयला घोटाला, अनाज घोटाला, सीमेंट घोटाला, एससी एसटी युवको का घोटाला, पीएससी में घोटाला और गांव के गोबर को अकेले 12 करोड रुपए का खा गए और घोटाला किए।

### भारत पहुंचा विश्व में पांचवें नंबर में

सभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि भारत 11 वे नंबर में आता था। मोदी की सरकार बनते ही आज पूरे विश्व में भारत का नंबर पांचवा है छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विष्णु साय मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री अरुण साव बीजेपी ने वादा किया महतारी वंदन महिला दिवस के दिन पहली किस्त जारी किया वादा पूरा किया 12 लाख से अधिक किसानों को से 934 लाख मैट्रिक टन चावल देश में के भंडार में भर गया और 3100 रुपए एक मुश्त किसानों को मूल्य दी गई और पुराना बोनस भी बीजेपी ने दिया।

गृहमंत्री शाह के मंच पर पहुंचने पर दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल पूर्व विधायक अवधेश चंदेल पूर्व अध्यक्ष जिला राजेंद्र शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा उपमुख्यमंत्री अरुण साव मंत्री दयाल दास बघेल, पूर्व मंत्री राजेश मूणत, पूर्व मंत्री, प्रेम प्रकाश पांडे विधायक रिकेश सेन, विधायक ईश्वर साहू पूर्व विधायक डोमन लाल कोरसे वाडा पूर्व संसदीय सचिव लालचंद बाफना उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी में लाइन लगाकर मतदान लोकतंत्र के प्रति आस्था का प्रतीक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



दूसरे चरण की तीन लोकसभा सीटों में मतदान के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भीषण गर्मी में लोगों ने लाईन लगाकर मतदान किया, यह लोकतंत्र के प्रति देश और छत्तीसगढ़ के मतदाताओं की आस्था को बताता है। पहले चरण और दूसरे चरण के मतदान के बाद मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं का रूझान कांग्रेस के प्रति साफ दिखा। भीषण गर्मी में लोग बदलाव करने के लिये घरों से निकल कर वोट डालने आये। छत्तीसगढ़ में अभी तक हुये चारों लोकसभा सीटों में कांग्रेस पार्टी प्रचंड मतों से जीत रही है। बैज ने कहा आज हुये मतदान में राजनांदगांव से भूपेश बघेल, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू, कांकेर से बीरेश ठाकुर चुनाव जीत रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पहले और दूसरे चरण के बाद कांग्रेस पार्टी का पूरा फोकस तीसरे चरण की 7 सीटों पर है। तीसरे चरण की सातों सीटों में भी कांग्रेस के उम्मीदवारों के पक्ष में बेहतर माहौल दिख रहा है। प्रदेश में बदलाव की लहर चल रही है जो दो चरणों में साफदिखा और तीसरे चरण में भी मतदान मोदी के खिलाफ होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री बताएं कि उनके दो कार्यकाल पूरा होने के बाद भी उनके 2014 के वायदों का क्या हुआ? 100 दिन में महंगाई कम करने का वादे कर क्या हुआ? किसानों की आय दोगुनी का क्या हुआ? मोदी यह बताये 10 साल के बाद भी अपने समर्थन मूल्य गारंटी के लिये भारत का किसान दिल्ली की ओर कूच कर रहा है। युवाओं को 2 करोड़ रोजगार क्यो नही मिला, पेट्रोल डीजल के दाम 35 रू क्यो नही हुआ? हर के खाते में 15 लाख क्यो नही आया? 2022 तक हर आवासहीनों के मकान के वायदे का क्या हुआ।

# भगत सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



भगत सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 9वी एवं 11वीं के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर समस्त छात्राएं छात्र-छात्राएं एवं पालक गण तथा स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा नवमी से कुमारी महिमा ने 71.5% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी दीक्षा ने 64% अंक प्राप्त कर कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा कुमारी सरीता ने 61 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11वीं में कुमारी सुनेमिया सांगरिया ने 84% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोवेश कुमार ने 73% अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कुमारी वंदना बघेल ने 70% अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य विनीता बेंजामिन ने प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

सत्र 2023-24 में जिन विद्यार्थियों ने शाला में होने वाले अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया, ऐसी प्रतियोगिताओं में फूलों तथा अनाज की रंगोली में कुमारी डिंपल निषाद ने प्रथम और कुमारी नंदिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में यशोदा ने प्रथम और कुमारी प्रीति नेताम नई द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में कुमारी पूनम ने प्रथम और कुमारी नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में लोवेश बघेल ने प्रथम स्थान दिव्या नाग ने द्वितीय स्थान और लकी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक नृत्य के कार्यक्रम में कुमारी प्रियंका कश्यप ने प्रथम स्थान, कुमारी सीता बघेल ने द्वितीय स्थान और कुमारी गीता बघेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिया सजाओ प्रतियोगिता में तरण कुंभाकार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में हरिश सेठिया ने प्रथम स्थान और लोवेश बघेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कुमारी स्नेहा ने प्रथम स्थान और कुमारी महिमा नाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी सफल एवं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और असफल अनुतीर्ण विद्यार्थियों को पुनः प्रयास कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला परिवार के हेमावती चिव्हाने, चंद्रप्रकाश देवांगन, आशा पटनायक, सतपाल शर्मा, किरण कुमार चौहान, अभिराम पटेल, अनिल शुक्ला, नीतू शर्मा, गीता मूर्ति, भारती नामदेव, रोशनी शिंदे, किरण महापात्र, योजना देवांगन, अंजू रावते एवं शाला के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# पहाड़ी तालाब गहरीकरण कार्य खात्मे की ओर



■ सौंदर्यीकरण का कार्य भी महीने भर में पूर्ण कर लिया जाएगा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कुशालपुर स्थित पहाड़ी तालाब का गहरीकरण का कार्य अब लगभग खात्मे की ओर है। साथ ही यहां बाउंड्रीवाल निर्माण, पाथवे और सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार अमृत मिशन अभियान के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने यहां चल रहे कार्य का आज निरीक्षण किया। शर्मा ने बताया कि इस तालाब का गहरीकरण कर यहां का मलबा निकाला जा रहा है। ये कार्य अब अंतिम चरण में है। साथ ही यहां बाउंड्रीवाल, रिटेंनिग वाल, फुटपाथ निर्माण के साथ ही सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। इन सभी कार्यों को महीने भर में पूर्ण कर लिया जाएगा।

# अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन के पूर्व महिलाओं ने गंगावरण किया

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



बंगीय कल्चरल एसोसिएशन द्वारा बंगाली कैम्प दुर्गा मंदिर परिसर मे अष्टम प्रहर व्यापी हरिनाम लीला संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन के एक दिन पूर्व आधिवास के अवसर पर मातृशक्तियों ने शुक्रवार शाम को गंगावरण किया। इस दौरान सौकड़ों महिलाओं ने हरिनाम कीर्तन कर ढोल के थाप पर नाचते गाते बंगाली कैंप के तालाब से जल भरकर दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा पाठ किया। शनिवार सुबह 6 बजे से हरिनाम संकीर्तन प्रारम्भ होगा। जिसमें बीणापानी सम्प्रदाय, नदिया, भाई बुन सम्प्रदाय कोलकाता, श्यामसुंदर सम्प्रदाय उमरकोट, बाबा लोकनाथ सम्प्रदाय मलकानगिरी के कीर्तन दल सम्मिलित होंगे।

# हाथों में मेहंदी रचाकर वोट देने पहुंचीं रूपाली, मतदान में दिखाई जागरूकता

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



लोकतंत्र के प्रति अपने अधिकार और कर्तव्य को लेकर लोग जागरूक हो रहे हैं। अपने सारे जरूरी काम और व्यस्तता को छोड़कर मतदाता पोलिंग बूथ में जाकर मतदान अवश्य कर रहे हैं। जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आज ग्रामीणों का हुजूम सुबह से ही देखने को मिला।

उपरपारा अंतागढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 188 में आज ऐसा ही एक उदाहरण देखने को मिला, जहां खुद की शादी से व्यस्ततम समय निकालकर युवती वोट देने पहुंची थी। कु. रूपाली (रीनू) साहू पिता सदाराम साहू उम्र 26 वर्ष ने मेहंदी लगे हाथ से ईवीएम का बटन दबाया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा - 'आज ही शाम को बारात आने वाली है, लेकिन वोट करना उससे कहीं ज्यादा जरूरी है।

जब कम पढ़े लिखे लोग इसके महत्व को समझते हैं तो शिक्षित लोगों को तो और भी ज्यादा जागरूक होना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा कि मतदान में ही लोकतंत्र की असली खूबसूरती छिपी हुई है।

# लोकसभा निर्वाचन के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का कमिश्नर और आईजी ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का कमिश्नर श्याम धावड़े और आईजी सुंदरराज पी. ने निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के केशकाल विधानसभा के युवा मतदान केंद्र जैतपुरी, आदर्श संगवारी मतदान केंद्र गुलबापारा, चिखलाडीही मतदान केंद्र और खालेमुरवेंड मतदान केंद्र का निरीक्षण किए। उन्होंने युवा और आदर्श मतदान केंद्रों को बस्तर की संस्कृति के थीम पर सजावट करने के लिए सराहना की। साथ ही मतदान केंद्रों में मतदान दलों से मतदान प्रतिशत का संज्ञान लेकर मतदाताओं की आवश्यक सुविधा एवं अन्य व्यवस्था का भी निरीक्षण किए। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, कमिश्नर के निज सहायक हरेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मैदानी अधिकारियों फील्ड में रहने की चेतावनी

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मैदानी अधिकारियों से फील्ड में अधिक रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लापरवाही करने पर सीआर में लिख देने की चेतावनी भी दी है। फील्ड में काम होने की निगरानी के लिए निगम द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। कौन अधिकारी कहाँ पर है और क्या काम करा रहा है उसकी तस्वीर खींचकर अपलोड करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे करने से कार्य में तेजी आएगी और कार्य समय पर पूर्ण भी सकेंगे। आईटी के माध्यम से 18 से 24 अप्रैल तक फील्ड में रहने की समीक्षा की गई कि किस अधिकारी कितने प्रतिशत समय फील्ड में दिया। इसमें कुछ अधिकारियों के कमजोर रिपोर्ट को देखकर कमिश्नर मिश्रा नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि फील्ड रिपोर्टिंग की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इसके लिए निगम की आईटी की एक टीम भी बनाई गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि जिनका रिपोर्ट कमजोर रहेगा उनके सीआर में इस बारे में लिख दिया जाएगा।

# कमार जनजाति के मतदाताओं में दिखा खासा उत्साह, किया अपने मताधिकार का प्रयोग

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर-11 के लिए आज जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान संपन्न हुआ। जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के कमार जनजाति के मतदाताओं ने भी खासे उत्साह के साथ लोकसभा निर्वाचन के इस महापर्व में मतदान कर सहभागिता निभाते हुए लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम मावलीपारा के विशेष पिछड़ी जनजातीय बाहुल्य कमारपारा में बड़ी संख्या में कमार जनजाति के परिवार निवासरत हैं। जिले के पिछड़े जनजाति के माने जाने वाले कमार जनजाति के इन सदस्यों ने भी मतदान के प्रति जागरूकता दिखाते हुए बढ़-चढ़कर मतदान किया। कमार जनजाति के मतदाताओं ने बताया कि कमारपारा के मतदाताओं ने एकजुट होकर मतदान के लिए निर्धारित समय में सुबह मतदान केंद्र क्रमांक-221 पहुंचकर सबने वोट किया। कमार जनजाति के 55 वर्षीय मतदाता हीरालाल नेताम और उनकी पत्नी सोनीबाई, 35 वर्षीय घसिया राम नेताम और उनकी पत्नी पूर्णिमा नेताम, 35 वर्षीय मोतीराम मरकाम और उनकी पत्नी रेखा मरकाम, 27 वर्षीय लगनू मंडावी, ईश्वरीबाई सोरी सहित कमारपारा के अन्य मतदाताओं ने पोलिंग बूथ में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा मतदाता लखन लाल ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

# पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में मतदान के लिए युवा मतदाताओं में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। युवा मतदाता बढ़चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाया। कांकेर विधानसभा के मावलीपारा के नए वोटरों ने मतदान केंद्र में 19 वर्षीय कृष्णा नेताम, रवींद्र कुमार शेष ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं 21 वर्षीय इंद्रजीत नेताम पिछले विधानसभा निर्वाचन में घर से बाहर होने के कारण मतदान नही कर पाया था, लेकिन इस बार अपने गांव आकर लोकसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान किया।

इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह कमार जनजाति के ग्राम मावलीपारा निवासी 25 वर्षीय युवा मतदाता लखन लाल मंडावी ने मतदान केन्द्र क्रमांक-221 पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि वे हर निर्वाचन में मतदान करते आये हैं। गत वर्षों में दो बार मतदान कर चुके हैं और आज वे तीसरी बार लोकसभा निर्वाचन में मतदान कर रहे हैं। इसके अलावा मावलीपारा के ही युवा मतदाता 24 वर्षीय दामिनी साहू और 19 वर्षीय साधना मंडावी ने भी मतदान केन्द्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा निर्वाचन में मतदान के बाद उत्साहित कु. दामिनी और कु. साधना ने बताया वह दूसरी बार मतदान कर रही हैं और पूर्व में गत विधानसभा में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

## दूधमुंहे बच्चे को लेकर मतदान करने पहुंची सरिता धनेलिया

कांकेर विधानसभा क्षेत्र के गाँव मावलीपारा के ही 25 वर्षीय मतदाता सरिता धनेलिया अपने नौ माह के दूधमुंहे बेटे तेजस को गोद में लेकर पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र क्रमांक-221 में मतदान करने पहुँची। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

# मतदान के लिए रेसिडेंट एसोशियन और व्यापारियों की बैठक ली गई



■ सभी ने कहा अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर निगम द्वारा लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। आज इसी के तहत शहर के रेसिडेंट एसोशियन के सदस्यों और व्यापारियों की एक बैठक ली गई। जिसमें खुद भी मतदान करने और दूसरों को भी मतदान हेतु जागरूक करने की रूपरेखा बनाई गई। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्यालय भवन में बैठक ली गई। जिसमें उपायुक्त कृष्णा खटीक, नगर निवेशक निशिकांत वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन अभियान के कार्यपालन अभियंता द्वय रघुमणि प्रधान, योगेश कडू, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही तथा अन्य अधिकारी भी शामिल थे। चेंबर आफ कामर्स के अमर परवानी समेत व्यवसाई गण तथा शहर के रेसिडेंट एसोशियन के मेंबर भी आए हुए थे। बैठक में अधिक मतदान कराने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने पर जोर दिया गया। लोगों को 7 मई को लोकसभा चुनाव के दिन मतदान कराने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

# रेलवे के लोहे को खरीदने व बेचने का अवैध कारोबार में रेलवे सुरक्षा बल ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



हिर्री थाना के प्रभारी किशोर केवट निरीक्षक पुलिस थाना हिर्री को सूचित किया कि उनके क्षेत्राधिकार में पेण्ड्रीडीह बाईपास चौक स्थित एम.के.ट्रेडर्स नामक कबाड़ दुकान के संचालक मुस्तकीम खान के द्वारा रेलवे के लोहे का खरीदने व बेचने का कारोबार किया जा रहा है तो थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि उन्हे इसकी सूचना पूर्व में प्राप्त हुई है और उन्होने उक्त व्यक्ति व उसके ड्रायवर को तलब कर थाने में बुलाया है और पुछताछ किया जा रहा है। तब योजना बना कर थाने से थाना प्रभारी किशोर केवट व उनके मातहत उप निरीक्षक सुरेश शर्मा, प्रधान आरक्षक ब्रिजेश मिश्रा व आरक्षक जॉन टोप्पो को लेकर एक संयुक्त टीम बनाया गया और मुस्तकीम खान के दुकान पर दबिश दी गई। उसके कबाड़ दुकान पहुँच कर उपस्थित गवाहों के समक्ष उसके स्वयं के उपस्थिती में चेक किया गया। तो चेकिंग के दौरान उसके दुकान मे एक नग रेलवे का एसईजे एंगल प्राप्त हुआ। उक्त एसईजे एंगल को अपने कब्जे में रखने हेतु वैध प्राधिकार पत्र दिखाने के लिए मांग करने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज नही होना बताया और बताया की उसने इसे किसी चलते फिरते कबाड़ी से लगभग 10 दिन पहले खरीदा होगा, लेकिन उसके बारे मे उसे याद नही है तथा भविष्य में भी उस व्यक्ति के बारे में नही बता सकता है। फिर उससे पूर्व में खरीदे गये अन्य रेलवे संपत्ति के बारे में पुछताछ करने पर उसने बताया की उसने रेलवे का कुछ और माल ट्रक में लोड करके भेज दिया है जिसे उस ट्रक के ड्रायवर द्वारा कहीं खड़ा कर रखा है। तब उसके कबाड़ दुकान में लगे कैमरे को चेक किया गया किन्तु उसमें इस बारे में किसी प्रकार का सबुत नही मिला। आगे पुछताछ करने पर उसके द्वारा रेलवे की संपत्ती को खरीदकर अवैध रूप से अपने कब्जे में रखने का अपराध स्वीकार किया। तब मौके पर आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही पूरी कर पुनः ट्रक ड्रायवर से पुछताछ करने पर उसने अपना नाम व पता मो. पिरू शेख वल्द मो. ए.आर.शेख उम्र 41 वर्ष निवासी- वार्ड नंबर 15 खांडोबा पारा रतनपुर कोटा बिलासपुर छ.ग. बताया। उससे ट्रक के बारे में पुछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि उसने अपने ट्रक को लोड कर यहां से हटा कर कुछ दूर चौक के आगे खड़ा कर रखा है। उसकी निशानदेही पर पेण्ड्रीडीह बाईपास चौक के आगे रायपुर की ओर एक ट्रक क्रमांक सीजी12 सी-0878 को खड़ा होना पाया। जिसे मो. पिरू शेख द्वारा बताया गया कि यह ट्रक उसका है इसमें ही उसके द्वारा एम.के.टेडर्स से कबाड़ लोड कर उक्त स्थल पर राजहंस था जिसे उसके द्वारा ट्रक स्वयं ट्रक चेक करवाने पर सामने से नीचे की ओर कबाड़ के नीचे 1 नग लगभग 1.5 मीटर रेल लाईन व 6 नग रेलवे का फिस प्लेट दिखाई दिया। ट्रक पुरी तरह से अन्य प्रकार के कबाड़ से भरा हुआ था इसलिए रोड पर खाली करना संभव नही था। ट्रक के ड्रायवर मो पिरू शेख से उक्त रेल संपत्ति को अपने कब्जे में रखने के संबंध में वैध प्राधिकार की मांग करने पर वैध प्राधिकार पत्र दिखाने में असमर्थ रहा और बताया की भविष्य में भी वह इस संबंध में किसी भी प्रकार का वैध प्राधिकार नही दिखा सकता है। तब आरोपी का स्वीकारोक्ती कथन दर्ज किया गया व उसके कब्जे से 1 नग लगभग 1.5 मीटर रेल लाईन व 6 नग रेलवे का फिस प्लेट व अन्य कबाड़ लगभग 10 टन को ट्रक क्रमांक सीजी-12 सी-0878 सहीत जप्त किया गया। मौके पर आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही पुरी कर जप्त संपत्ति व आरोपियों सहित आरपी(युपी) एक्ट की धारा 3(ए) के अपराध में इसी एक्ट की धारा 6 के अनुसार गिरफ्तार कर जप्त संपत्ति सहित रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा लाया गया एवं आरोपी गणों के विरूद्ध प्रभारी के आदेशानुसार 24.04.2024को धारा 3(ए) आरपी(युपी) एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

# मतदान का अलख जगाने निकाली गई स्वीप सीटी रैली

## मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन की अनूठी पहल

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए स्वीप अन्तर्गत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को भटापारा नगर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान की अगुवाई में मतदाताओ में मतदान का अलख जगाने के लिए स्वीप सीटी रैली निकाली गई। कलेक्टर चौहान ने भाटापारा स्थित विश्राम गृह से हरी झंडी दिखाकर और सीटी बजाकर रैली का शुभारंभ प किया। रैली विश्राम गृह से शुरू होकर करीब डेढ़ किलोमीटर दूर सिटी सेंटर तक सीटी बजाते हुए सम्पन्न हुई। रैली में अधिकारी, कर्मचारी, स्कॉउट गाईड के बच्चे, स्कूली छात्र छात्रएं, समूह की महिलाएं एवं नागरिकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कलेक्टर चौहान ने सिटी सेंटर में उपस्थित सभी लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर चौहान ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए नवाचार का प्रयोग उत्साहित करता है। भाटापारा में नवाचार का प्रयोग करते हुए स्वीप सीटी रैली का आयोजन किया गया। नए तरह का कार्यक्रम होने से लोगों में उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि स्वीप सीटी रैली एक प्रकार से सपोर्ट की थींम पर आधारित है जिस प्रकार से खेल की शुरुआत सीटी से होती है उसी प्रकार मतदान की शुरुआत को उत्साहजनक बनाने के लिए स्वीप सीटी रैली निकाली गई । मतदान हमारे लिए एक महापर्व है, स्पोर्ट्स की तरह उत्साह रहता है। इस कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना और उनमें मतदान के प्रति रूझान पैदा करना है। उन्होंने कहा कि 7 मई को शतप्रतिशत मतदान के लिए निरंतर मतदाता जागरूकता की गतिविधयां स्थानीय एवं अपने स्तर पर जारी रखें एनयूएलएम, स्कॉउट गाइड, शिक्षक इसमे अवश्य शामिल हों। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में मतदाताओ की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बुजुर्ग, दिव्यांग व गर्भवती मतदाओं के लिए मतदान केंद्र में वेटिंग हाल भी बनाये जाएंगे। छाया ,पानी, टेंट आदि की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल, एसडीएम नितिन तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, तहसीलदार चित्ररेखा चंद्रवंशी सहित अन्य अधिकारी ,कर्मचारी, छात्र, छात्रएं, समूह की महिलाये एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल 27 अप्रैल को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में करेंगे जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल शनिवार 27 अप्रैल को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मंडल के ग्रामों का प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के साथ जनसंपर्क करेंगे। जिनमें प्रमुख रूप से दोपहर 2:00 बजे मल्दी 2:30 को टोनाटार 3:00 बजे गोढी टी धुर्बांधा3:30 कोसमंदा 4:00 बजे मोपका 5:00 बजे 5:30 करही बाजार 6:00 बजे तथा बिटकुली 6:30 धनेली 6 ,45 निपानिया 7:00 बजे कोदवा 7,30 सिंगारपुर 8:30 एवं 9:00 बजे कणार तथा टेहका रात्रि 9:30 बजे मतदाताओं से जनसंपर्क करेंगे। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डब्लू सिंह ठाकुर एवं निपानिया मंडल अध्यक्ष धनीराम साहू ने क्षेत्र के समस्त ग्रामीण जनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से इस अवसर पर उपस्थित रहने की अपील की है।

# दुल्हन लाने से पहले दुल्हा ने किया मतदान



पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सरायपाली विधानसभा के दो पोलिंग केंद्र से अनोखी तस्वीर सामने आई है। आज लोकसभा निर्वाचन के द्वितीय चरण में मतदान केंद्र क्र 201 ग्राम लमकेनी विधान सभा सराईपाली लोक सभा महासमुंद में सुबह लगभग 10 बजे बारात जाते हुए दूल्हा देवेंद्र साथुआ पिता सत्यानंद साथुआ ने मतदान किया । दूल्हे के वेश में मतदान करने के पश्चात बारात ग्राम लमकेनी से पैकीन के लिए प्रस्थान किया। युवक ने पोलिगं बूथ पर मतदान करने के बाद सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित भी किया। दूल्हे के साथ उसके परिवार के लोग भी शामिल थे। मतदान करने के बाद देवेंद्र ने सभी को देशहित में मतदान कर जागरूक नागरिक के फर्ज अदा करने का संदेश दिया।

**दूल्हा गाजे बाजे के साथ वोट डालने पहुंचा**

वही एक अन्य खबर विकास खंड के ग्राम मोहंदा निवासी गजानंद नायक के सुपुत्र मनोज नायक का सामने आया जहा पर दूल्हे ने बैंड बाजे गाजे के साथ मतदान केंद्र पहुंच कर अपना मतदान किया, उसके पश्चात राजधानी रायपुर के लिए बारात प्रस्थान हुआ।

# जिले में मतदान के लिए लोगों में दिखा गजब का उत्साह



पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदान करने हेतु मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। मतदान केन्द्र के बाहर सभी वर्ग के मतदाताओं में भारी उत्साह रहा। मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारे लगी थी। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं के साथ-साथ नवविवाहित जोड़ों ने भी प्राथमिकता के साथ वोट दिया। प्रशासन द्वारा विकसित की गई सुविधाओं के चलते मतदान के लिए बुजुर्गों में भी जोश और जुनून दिखा। मतदाता मित्र, दिव्यांग रथ सहित केंद्रों में छाया, पानी एवं बैठक व्यवस्था से सभी मतदाता लाभान्वित हुए। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अभियान चलाये गये थे। जिसके परिणाम स्वरूप मतदाताओं में मतदान करने हेतु विशेष उत्साह दिखाई दिया। दूल्हे राजा ने मतदान पश्चात ही बारात के लिए किया प्रस्थान - जिले के पांडुका निवासी सूर्यहास साहू दूल्हे के रूप में वैवाहिक परिधान में सज-धज कर बारात प्रस्थान करने के पूर्व मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उसके पश्चात उनका बारात ग्राम केन्द्री के लिए प्रस्थान किया। इसी प्रकार ग्राम बेलर के मतदान केन्द्र क्रमांक 161 के मतदान केंद्र में हल्दी में रंगे वर भीखम सिन्हा, ग्राम खुटेरी के प्रशांत साहू और ग्राम लोहरसी के लीलाराम निर्मलकर ने बारात प्रस्थान करने के पूर्व मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान किया। ग्राम तंवरबाहरा के दूल्हा मनोज कुमार ध्रुव ने अपने परिवार के साथ पारम्परिक वेशभूषा एवं वैवाहिक परिधानों में मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं को सबसे पहले मतदान कर अन्य कार्यो को पूरा करने की अपील की।

**दुल्हनों ने भी विवाह के रस्मो के पहले किया मत का दान**

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में चलाए गए सघन मतदाता जागरूकता अभियान का आज सुखद परिणाम देखने को मिला। जिले के सभी वर्ग के मतदाताओं के साथ-साथ वर-वधु बनने जा रहे युवक-युवतियो ने भी पहले मतदान करने के बाद शादी के शेष रस्मों को पूरा किया। इसी तरह मतदान के केंद्र चिखली की हल्दी रस्म पूरा कर मतदान करने पहुंची। इसके अलावा नवविवाहिता श्रीमती लीना कोमर्रा ने अपने ससुराल ओडिसा से मतदान करने अपने मायके ग्राम जाड़ापदर मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान कर अपना फर्ज निभाया।

# ड्यूटी के दौरान जवान ने अपने आप को मारी गोली



पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छुरा विकासखंड के कुडेरादादर मतदान केंद्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ड्यूटी में तैनात जवान ने खुद को गोली मार लिया घटना के बाद जवान की मौके पर ही मौत हो गई और इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों के साथ तहसीलदार पहुंचकर पंचनामा सहित अन्य कार्यवाही की प्रक्रिया को पूरा करते शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय रवाना कर दिया हालांकि खुद को गोली मारने का कारण अब तक स्पष्ट नही हो पाया है जानकारी अनुसार मध्यप्रदेश के राजपुर इलाके के 34 वी बटालियन के जियालाल पंवार का ड्यूटी मैनपुर ब्लॉक के पीपरछेड़ी कुडेरादादर में ड्यूटी लगा रहा लेकिन अज्ञात कारणों के चलते जियालाल पंवार ने आज सुबह ने सर्विस रिवाल्वर इंसास से अपने आप को गोली मार लिया गोली सर के पार होने से जवान की मौत हो गई जिसके बाद मतदान केंद्र में पूरी तरह हड़कंप मच गया रहा इस बीच प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी के साथ पहुंचकर किसी तरह स्तिथि को काबू में करते जवान के डेट बॉडी को एंबुलेंस से रवाना किया और पुनः सुचारू रूप से मतदान करवाया।

# छत्तीसगढ़ की रग्बी टीम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के तीन खिलाड़ी भानुप्रताप, मेहुल और निशु यादव का चयन



पायनियर संवाददाता ◂ कसडोल
www.dailypioneer.com

पुणे महाराष्ट्र में 23.04.24 से 28.04.24 तक आयोजित होने वाली 67 वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रग्बी(19वर्ष बालक, बालिका) में जिले के तीन होनहार खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई है। टीम के दल प्रबंधक कसडोल से आलोक मिश्रा एवम बालिका टीम के कोच भाटापारा से अमित तिवारी हैं। खिलाड़ियों के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय,सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल रमाकांत देवांगन, संतोष साहू, संजीव ध्रुव, प्राचार्य कटगी स्कूल पीएल पुरैना एवं स्टाफ, सन्तोष वर्मा, कमलेश कश्यप, रमेश ध्रुव, भाटापारा से विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल, भास्कर देवांगन, मुकेश अग्रवाल, मुन्ना सिंग नेताम, परिचय मिश्रा, तरुण सेन, द्रोण ध्रुव, भूमेश पांडेय, चंद्रकांत बागड़े, उमाप्रसाद राठौड़ ने टीम को बधाई एवम शुभकामनाये प्रदान की है।




**सरायपाली।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 निवासी ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए 84 साल के जगत नारायण अग्रवाल व उनकी पत्नी 79 वर्ष की गायत्री देवी अग्रवाल के साथ मंदिर स्कूल मतदान केंद्र में मतदान किया ।

# बैंकों में चलाया गया आकस्मिक चेकिंग अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




25 अप्रैल को प्रातः 11:00 से पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन पर, जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंक में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ क्षेत्र अंतर्गत स्थित बैंकों में आकस्मिक दबिश दिया गया एवं बैंक में आने जाने वाले, बैंक के बाहर तथा आसपास स्थित दुकान, ठेला आदि में खड़े लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण बैंक परिसर का मुआयना किया गया, जिसमें लगभग सभी बैंकों में सीसीटीवी कैमरा तो लगा था, किंतु पुलिस टीम द्वारा इन सीसीटीवी कैमरे को बैंक के बाहर भी ऐसे स्थानों पर लगाने, जिससे बैंक के बाहर से आने वाले लोगों की पहचान हो सके, बैंक मुख्य गेट, कैश काउंटर एवं बैठक चेयर को फोकस करते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इस बीच टीम द्वारा बैंक शाखा प्रबंधक से मिलकर बैंक की सामान्य दिनचर्या, बैंक में कैश लाने-ले-जाने के दौरान सुरक्षा प्रबंध आदि के संबंध में जानकारी लिया गया तथा साथ ही इस दौरान आवश्यक सावधानी बरतते हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। बैंक के नोटिस बोर्ड अथवा बैंक में ऐसा स्थान जहां पर लोगों की नजर सहज ही पहुंच सके, वहां थाना, कंट्रोल रूम एवं अन्य आवश्यक मोबाइल नंबरों को चस्पा करने हेतु कहा गया। चेकिंग अभियान में बैंक में स्थित सुरक्षा गाड्र्स को सतत निगरानी करते हुए संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों, मास्क, गमछा बांधकर आने वाले लोगों को गेट पर ही रोककर उसका परिचय, बैंक आने का कारण एवं सामान्य पूछताछ करते हुए बैंक में प्रवेश देने हेतु बताया गया। इस दौरान संपूर्ण चेकिंग अभियान में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला।

## श्री राम स्वरूप मिश्रा का निधन



**रायपुर।** पार्थिवी प्रोविन्स, सरोना निवासी श्री राम स्वरूप मिश्रा का शुक्रवार 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 27 अप्रैल को मारवाडी मुक्तिधाम में प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा। वे कुलदीप राम स्वरूप मिश्रा, अनिता त्रिवेदी, अंजिल अवस्थी, आरती द्विवेदी, अलका पाडे के पिता थे।

# बिस्कुट से भरी चलती मेटाडोर में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

गुरूवार 25 अप्रैल की सुबह एक सामान से भरी चलती मेटाडोर में आग लग गई जिससे मेटाडोर धूं.धूंकर जल गया। फायरबिग्रेड द्वारा आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मेटाडोर में रखा काफी सामान जल चुका था।मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना से लगभग 200 मीटर दूर मेटाडोर आयसर वाहन एक प्रसिध्द कंपनी की बिस्कुट लेकर रायपुर से नगरी जा रहा था। सुबह लगभग आठ बजे चलती वाहन में अचानक आग लग गई। जैसे ही वाहन चालक राजेश निषाद को आग लगने की जानकारी हुई तो उन्होंने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। अंदाजा लगाया जा रहा है कि वाहन में शार्ट सर्किट के चलते आग लगी होगी। बताया जा रहा है कि आगजनी से बिस्कुट व वाहन जलकर खाक हो गया है। वाहन में आग लगने की सूचना पर तत्काल केरेगांव थाना प्रभारी प्रदीप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंची और किसी प्रकार के जान.माल के नुकसान से बचाने वाहनों की आवागमन को कुछ देर के लिए रोका गया। छोटी वाहनों को रास्ते से डायवर्ट किया गया। फायर बिग्रेड द्वारा आग पर काबू पाने तक केरेगांव पुलिस तैनात रही। घटना की जानकारी वाहन मालिक को दे दी गई है। पुलिस आगे की विवेचना में जुटी हुई है। मालूम हो कि इन दिनों दिन का तापमान काफी बढ़ गया है। इसके चलते चारों ओर उष्णता का माहौल है। ऐसी स्थिति में आए दिन आगजनी की घटना देखने को मिल रही है।

# हत्या का आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी जिला न्यायालय से हत्या का आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद हडबडाई हुई पुलिस ने फरार कैदी की तलाश के लिए अलग से टीम गठित कर दी है। धमतरी एसपी आंजने वार्ष्णेय ने दावा किया है कि जल्दी फरार कैदी को ढूंढ लिया जाएगा। मामला बोरई थाना क्षेत्र का है हेमलाल सोरी नाम के युवक ने अपने ही पिता की लाठियां से पीट.पीटकर हत्या कर दी थी। हेमलाल सोरी को बोरई थाना पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और इस मामले की सुनवाई के लिए हेमराज सोरी को जिला न्यायालय में पेश किया गया था। अदालत ने हेमलाल सोरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और कैदी को जेल दाखिल करने से पहले जरूरी औपचारिक कार्रवाई की जा रही थी और सिंगल फिंगरप्रिंट लेने के लिए हेमलाल सोरी के हाथों से हथकड़ियां खोली गई। इस बीच पुलिस की टीम जो हेमराज सोरी के साथ थी उसका भी ध्यान इधर.उधर भटका कर मौका पाकर हेमराज सोरी वहां से फरार हो गया। अब आरोपी की तलाश में पुलिस तो लगी हुई है। साथ ही साथ यह घटना कैसे घटी इसकी भी जांच शुरू कर दी गई है। जांच पूरी होने के बाद लापरवाह पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई की जानी है।

# हिंदीभाषी 130 से ज्यादा छात्रों ने भारतीय संस्कृति को जीवंत किया अमेरिका में

## हिंदी–यूएसए सैंट लुईस का दूसरा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

अमेरिका में बसे भारतवंशियों की संस्था हिंदी यूएसए ने हाल ही में अपना बहुप्रतीक्षित दूसरा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम शानदार सफलता और उत्साह के साथ मनाया। हिंदी-यूएसए के 85 से ज्यादा समर्पित स्वयंसेवकों के साथ 130 से ज्यादा हिंदी भाषी छात्रों ने अपनी सांस्कृतिक पहल के साथ शानदार कलात्मक प्रतिभा से भरपूर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान भारत के महावाणिज्य दूतावास, शिकागो के प्रेस, सूचना और सांस्कृतिक मामलों के वाणिज्य दूत संजीव पाल समारोह के मुख्य अतिथि थे। उत्सव की शुरुआत हिंदी-यूएसए के संस्थापकों मयंक जैन और डॉ. अंशू जैन के द्वारा हुई, जिन्होंने इस अविस्मरणीय सांस्कृतिक संध्या की रूपरेखा तैयार की थी। ये युगल संस्थापक इस्पात नगरी भिलाई के रहने



वाले है। मयंक जैन कपड़ा व्यापारी सुरेश चंद जैन के पुत्र और डॉ अंशु जैन अंचल के बर्न एंड प्लास्टिक सर्जन डॉ मदन लाल जैन की सुपुत्री हैं। हिंदी-यूएसए के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र हिंदी सीख रहे 130 प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा 21 मनोरम प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन था। इस प्रदर्शन में नृत्य और स्किट के माध्यम से हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और जैन धर्म जैसे प्रमुख धर्मों तथा दीपावली, ईद, होली, महाशिवरात्रि, नवरात्रि, संक्रांति, कृष्ण जन्माष्टमी, गणगौर और बैसाखी जैसे प्रमुख त्योहारों का प्रतिनिधित्व किया गया। महाभारत और रामायण जैसे प्राचीन महाकाव्यों के पुनर्कथन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा भक्ति गीत, बच्चों का आर्केस्ट्रा और चार शिक्षकों के समूह द्वारा प्रस्तुत भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर एक प्रभावशाली नृत्य भी खूब सराहा गया। उपस्थित लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया साथ ही गहनों, कपड़ों की खरीदारी और स्वादिष्ट भारतीय स्ट्रीट फूड का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम के संचालन में मेघना लुंकड़ और शुचि खंडेलवाल ने अपने ऊर्जावान और रोचक तरीके से दर्शकों को बांधे रखा। वहीं हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी एंकरिंग कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन में पार्कवे स्कूल बोर्ड के अध्यक्ष जेफटॉड, बोर्ड के सदस्य डेबोरा हॉपर और पार्कवे स्कूल के अधीक्षक कीथ मार्टिन, रॉकवुड स्कूल के जिला उपाध्यक्ष तमारा रोमबर्ग और बोर्ड के निदेशक कैरी बेचर्ट सहित विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति देकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस दौरान लिटिल एंजल्स फाउंडेशन के रिजा खान, अफ्रीकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, सेंट लुइस से डॉ. लिंडा ओगबा फास, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर/सेंट लुइस मोजेक परियोजना के लिए परियोजना प्रबंधक एनी मेबल, वेस्ट न्यूज मैगजीन और मिड रिवर्स न्यूज मैगजीन के मालिक शेरोन ह्यूबर, प्रोग्रेस 64 वेस्ट और वीपी एंटरप्राइज बैंक और ट्रस्ट के अध्यक्ष डेबी शॉ, वेस्ट न्यूज मैगजीन से लॉरा सैगर, और चेस्टर फ़ील्ड शहर के काउंसिल सदस्य, एमओ गैरी श्रीपेरंबदूर और मेरेल हेन्सन की उपस्थिति के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया।

# स्वच्छता के दुश्मन का नाम होगा सार्वजनिक संमझाइस का असर नहीं होने पर लिया निर्णय

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

बार बार संमझाईस के बाद भी मिक्स कचरा देने वाले स्वच्छता के दुश्मन का नाम अब सार्वजनिक किया जाएगा। यही नहीं उनके घरों से निगम के कर्मचारी कचरा लेना बंद भी कर देंगे। यह फरमान गुरुवार को निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने जारी की है। निगम आयुक्त ने ऐसे घरों को सूची बद्ध करने निर्देश दिए है जो संमझाइस के बाद भी मिक्स कचरा दे रहे है। तैयार सूची का प्रकाशन सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता के दुश्मन के नाम से किया जाएगा। सूची के आधार पर नाम वाला फ्लैक्स तैयार किया जाएगा। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए है कि अंतिम चेतावनी के बाद सुधार नहीं होने पर उस घर से निगम कर्मचारी कचरा लेना बंद कर दे। गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने पर ही कर्मचारी संग्रहण कार्य को नियमित करे। उल्लेखनीय है कि रिहायसी क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे को पूर्ण रूप से डिस्पोज करने रिसाली निगम पिछले 3 दिनों से अभियान चला




### वार्ड वार बनेगी सूची

खास बात यह है कि रिसाली निगम के 70 से भी ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी अभियान में लगे है। सूखा व गीला कचरा अलग अलग रखने अपील कर रहे है। शुक्रवार से कचरा संग्रहण कार्य में लगे 64 कर्मचारी सूची बनाने का कार्य करेंगे।

### डस्ट बीन की जगह पालीथीन

उल्लेखनीय है कि चार माह पहले रिसाली निगम ने घर घर डस्ट बीन का वितरण किया था। कर्मचारी हरा व नीला बाल्टी घरों तक पहुंचाया था। वर्तमान में कचरा रखने कुछ लोग ही बाल्टी का उपयोग कर रहे है। अधिकाश घरों में पुरानी बाल्टी में कचरा रखा जा रहा है, वही कई लोग पालीथिन में कचरा एकत्र कर दे रहे है। ऐसे लोगों को भी निगम चेतावनी दे रहें है।

रही है। लोगों को गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने अपील कर रहे है। इसके बाद भी कई घरों से मिक्स कचरा निकल रहा है।

# आयुक्त के निर्देश पर आदर्श मतदान एवं संगवारी मतदान केंद्रो में टेंट, पेयजल, सेल्फी पॉइंट व स्थानीय सामग्री सुसज्जित व्यवस्थाओं का पिंक बूथ व्यवस्था के नोडल अधिकारी शुभम ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देशानुसार शहर क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों जैसे कि आदर्श/संगवारी मतदान केंद्रों का मतदान केंद्रों में आज आदर्श एवं संगवारी मतदान केंद्र का निर्माण करने के लिए बोरसी शासकीय स्कूल, पोटियाकला शासकीय स्कूल, सुराना कॉलेज, जेआरडी स्कुल, सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल, गयाबाई स्कूल इत्यादि जगहों पर पिंक बूथ व्यवस्था के नोडल अधिकारी शुभम गोईर ने शोएब अहमद, कर्मशाला अधीक्षक, कुमारी प्रिंसी शर्मा, सहायक बूथ व्यवस्था इत्यादि के साथ निरीक्षण किया गया। मतदान



प्रकिया में मतदातों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसको विशेष ध्यान देकर कार्य कराया जा रहा है, ताकि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। मतदाता जागरूकता के लिए जगह-जगह पर होर्डिंग-फ्लेक्स लगाकर प्रचार कार्य कराया जा रहा है, नोडल अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि इस बार मतदान केंद्रों में अलग-अलग थीम के सेल्फी बूथ बनाया जा रहा है। जो मतदातों को मतदान के बाद फोटो खीचने तथा सभी को मतदान करने प्रेरित करने जैसे कार्यो पर फोकस किया जा रहा है। बता दे कि विशेष कर महिला मतदातों को घर का सभी काम को छोड़कर पहले मतदान फिर बाकी काम का नारा घर-घर पहुचा कर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर शुभम ने टीम के साथ निरीक्षण कर टेंट, फ्लैक्स, डेकोरेशन से संबंधित प्लान कर आवश्यक जल्द व्यवस्था करने की बात कही। सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाश, पेयजल, शौचालय, रैंप आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कहा कि वेब कास्टिंग हेतु चयनित मतदान केंद्रों पर आवश्यक अवस्थाएं का भी निरीक्षण किया गया। मतदान केंद्र जहां दिव्यांग मतदाता मतदान करेंगे, उन पर व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था की जावे, महिला संचालित मतदान केन्द्रों का चयन कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निगम क्षेत्र शहर में जिन मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाएगा, उन्हें रंगोली एवं स्थानीय सामग्री से सुसज्जित करें।

# चाय पानी का खर्चा मांग रहे है पटवारी साहब ग्रामीणों ने विधायक से कि शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

कोरिया जिले में राजस्व अमले का हाल किसी से छुपा नहीं है। सरकार द्वारा दिये गए धान के बोनस की राशि पाने के लिए थक गए है। किसान। ग्राम भाड़ी में अपने क्षेत्र के विधायक भैयालाल राजवाडे से मिलकर किसानों ने शिकायत की। धान के बोनस की राशि नहीं मिल रही है, जिसे सुनने के बाद विधायक ने राशि जल्द दिलवाने का आश्वासन लोगों को दिया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धौराटिकुरा में 74 लोगों के धान के बोनस की राशि लंबित है। राशि मिलने के लिए एक टेबल पटवारी के पास से भी जाता है जहां पटवारी के द्वारा निरीक्षण की बात कह ग्रामीणों को







घुमाया जा रहा है ऐसा आरोप लगाया है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सभी कागजात देने के बावजूद पटवारी साहब अपने पास कागज क्यों रोक के रखें समझा जा सकता है जनवरी में आए बोनस की राशि अप्रैल माह गुजरने को है अभी तक प्राप्त नहीं हो पाई है।

**मरे हुए व्यक्तियों के खाते में राशि आने से बड़ी है परेशानी :** सरकार द्वारा 3100 सौ रुपये धान का अपना वादा पूरा करने के चक्कर में समितियां से सूची मंगाकर किसानों के खाते में बोनस की राशि डाल दी अब इसमें से कई ऐसे भी किसान रहे जिनकी मृत्यु हो गई थी और उनके परिवार वालों द्वारा उनका खाता बंद करा दिया गया था अब ऐसे में राशि तो आ गई पर उसे निकालने में किसानों को नौ मन दीया जलाना पड़ रहा है।

**सामने चुनाव है सरकार के लिए आफत ना बन जाए छोटी सी गलती :** चुनाव सर पर है छोटे-छोटे मुद्दों को लेकर दोनों प्रमुख दल एक दूसरे के ऊपर हमलावर है सरकार ने तो बोनस की राशि देखकर अपना वादा पूरा कर लिया है लेकिन बीच में अधिकारियों के फेर में फंसकर किसान मायूस हो रहे हैं ऐसे में दूसरी विपक्ष पार्टी को मौका ना मिल जाए इसलिए समय रहते किसानो की समस्या का हल नेताओं को जल्द सुलझा देना चाहिए।

# छावनी थाना क्षेत्र में बलात्कार के आरोपी पर की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ छावनी
www.dailypioneer.com

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 23 अप्रैल को नाबालिक लडकी के साथ हुए दुष्कर्म की घटना की रिपोर्ट दर्ज करने दिनांक 24 अप्रैल को पीडिता नाबालिक लडकी परिजन के साथ थाना आकर बतायी की मेरे साथ पडोस के रहने वाले विजय के द्वारा गलत काम किया कि रिपोर्ट पर वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कर प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना छावनी मे अपराध क्रमांक 175/2024 धारा 376 ए बी भा.द.वि. 4, 6 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी पता तलाश किया। जो पता तलाश के दौरान आरोपी विजय को नवतनवा एक्सप्रेस से उत्तरप्रदेश फरार होने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक शहर सुखनंदन सिंह राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरिश पाटिल के




मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व मे टीम गठित कर रेल्वे पुलिस एवं थाना भाठापारा पुलिस को फोन के माध्यम से आरोपी का हुलिया एवं फोटो दिखाया गया जो रेल्वे पुलिस एवं थाना प्रभारी योगिता खवारडे थाना भाठापारा के सहयोग से आरोपी विजय को नवतनवा एक्सप्रेस मे भाठापारा से हिरासत मे लेकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय दुर्ग भेजा गया है। जिसमे उप निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, हेमलता मरकाम, जीत नारायण, त्रिलोक भाटी की सराहनीय भूमिका रही।

## राजनैतिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन

**कोरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा क्रमांक 03 बैकुंठपुर का क्लेक्टरेट परिसर में स्थित एनआईसी कक्ष में प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह व विभिन्न दलों के राजनैतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। तृतीय चरण में होने वाले कोरबा संसदीय, लोकसभा निर्वाचन में महज डेढ़ सप्ताह ही बचे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय बैकुंठपुर-कोरिया द्वारा लगातार निष्पक्ष, स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से कराने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही मतदाताओं को मतदान के लिए जन-जागरूकता भी किया जा रहा है। वहीं रेंडमाइजेशन एवं कमीशनिंग कार्य हेतु कल 25 अप्रैल को जिला पंचायत के आडिटोरियम में अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया था। एनआईसी कक्ष में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के मौजूदगी में प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया। 279 बैलेट यूनिट, 24 कंट्रोल यूनिट व 65 मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान सोनहत एसडीएम राकेश साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपका नेताम भी उपस्थित थे।

# इंस्टाग्राम में दोस्ती कर प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई की रहने वाली पीड़िता ने थाना सुपेला उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि राजनांदगांव का रहने वाला प्रथम हरिहरनो के द्वारा वर्ष 2023 में इंस्टाग्राम में दोस्ती कर प्रेम जाल में फंसा कर शारीरिक शोषण करते रहना। पीड़िता द्वारा मना करने पर पीडिता व उनके भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए फोटो/वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देना। पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में दुष्कर्म का रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश में




एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रथम हरिहरनो को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए पीड़िता के साथ दुष्कर्म करना स्वीकार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि खुशबू वर्मा, आर. सुरेन्द्र गिरी, आर. सूर्यप्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

## वोट करो और डिस्काउंड पाओ, शहर के इंदिरा मार्केट के दुकानों में मतदान की स्याही दिखाने पर मिलेगी छूट

# इंदिरा मार्केट में 15 से 20 प्रतिशत तक उंगली पर वोट का निशान दिखाने वाले ग्राहकों को छूट

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में 07 मई को दुर्ग जिले में मतदान होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक आहुति की गई। लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक और प्रोत्साहित करना भी हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में अधिक से अधिक लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रोत्साहित करने एक छोटी सी पहल की जा रही है। लोकसभा चुनाव दुर्ग जिले में 07 मई का मतदान बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन, निगम प्रशासन और चेम्बर ऑफकॉमर्स ने अनूठा पहल की है। 7 मई को वोट डालने के बाद ऊंगली पर अमिट स्याही का निशान दिखाकर इंदिरा मार्केट के दुकानों पर डिस्काउंट मिलेगी। इसके लिए मतदाताओं की मतदान करने के बाद उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाने पर 15 से 20 प्रतिशत डिस्काउंड मिलेगा और सराफा व्यापारी संघ द्वारा मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत एके गारमेंट में 15 प्रतिशत साई कदम फ्रुट में 20प्रतिशत श्री गणपति मेन्स वियर में 15 प्रतिशत यू विनोद शू में 20प्रतिशत शाकम्भरी कलेक्शन में 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत राठौर कंगन स्टोर्स 20प्रतिशत रघुवंशी फैशन 15प्रतिशत राधेकृष्णा फ्लावर




सेंटर में 30प्रतिशत शिव मेवे वाला 10प्रतिशत से 50प्रतिशत तक सहित अन्य दुकानों में 15 से 20प्रतिशत तक की छूट मतदान के बाद मतदाता वोट डालने के बाद शहर के इंदिरा मार्केट द्वारा विशेष छूट दी जाएगी।इसके लिए दुर्ग जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आर्देशानुसार व आयुक्त लोकेश चन्द्रकर के मार्गदर्शन में आज नगर निगम के डाटा सेंटर में इंदिरा मार्केट दुर्ग के व्यापारिक संगठनों के साथ एसडीएम मुकेश रावटे व उपायुक्त मोहेंद्र साहू ने बैठक लिया। बैठक में चंदन मनहरे सहित छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन पवन बड़जात्या, प्रदेश मंत्री अशोक राठी, बहादुर अली, मनीष पटेल, अनुराग अग्रवाल, प्रह्लाद कश्यप, अरुण अग्रवाल, आकाश बड़वानी, संतोष बजाज, लव खत्री आदि मौजूद रहे। बैठक में निर्वाचन के दिन मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा वोट करके शॉप में खरीदी करने वालों को छूट की घोषणा की गई। सराफा व्यापारी संघ द्वारा मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट मतदाताओं के लिए, रेडीमेड कपड़ा एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत की छूट, लोहा सरिया व्यापारियों द्वारा प्रति क्विंटल 50 रुपए को छूट, फर्नीचर व्यापारियों द्वारा 20 प्रतिशत की छूट, होलसेल स्टेशनरी में 20प्रतिशत की छूट, कॉस्मेटिक ड्राय फ्रुट्स में 15 प्रतिशत की छूट, पूजा सामग्री में 15 प्रतिशत की छूट, होटल सागर द्वारा भी 10प्रतिशत की छूट दिया जाएगा इसके साथ मार्केट क्षेत्र के समस्त दुकानदारों द्वारा 15 से 20 प्रतिशत छूट देने की बात कही। उंगली पर वोट का निशान दिखाने वाले ग्राहकों को छूट प्रदान की जाएगी। बैठक के माध्यम से एसडीएम मुकेश रावटे, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, चंदन मनहरे व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने व्यापारियों एवं ग्राहकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम मुकेश रावटे ने व्यापारी संगठन के पदाधिकारियो को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। व्यापारियों ने इस दौरान पहले मतदान और उसके बाद जलपान के नारे लगाए गए।

# प्राकृतिक आपदा में मृतक के वारिस के लिए 12 लाख रुपए की राशि मंजूर



पायनियर संवाददाता ➤ कोरिया
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिस के लिए 12 लाख रूपये की राशि मंजूर दी है। तहसील सोनहत के ग्राम पश्चिमपारा, उज्ञांव की शांति की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश मानमती, ग्राम अमहर (उपरपारा) के बिहारी लाल की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिश शांति एवं ग्राम चंदहा की मंजू कुमारी की आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से मृत्यु होने पर उनके वारिश नन्द कुमार के लिए क्रमशः 4-4 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई हैं।

संपादकीय

## दलबदल की समस्या कठोर कानून जरूरी

दलबदल की समस्या से निपटने के लिए पूर्व उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कठोर दलबदल-विरोधी कानून की पैरवी की है। सभी प्रकार के राजनेता बेहतर कॅरियर या खासकर विधानसभा या लोकसभा चुनाव के पहले पार्टियां बदलते रहे हैं और इसमें कुछ भी नया नहीं है। वेंकैया नायडू ने आमतौर से 'दलबदल' कही जाने वाली इस समस्या को हमारे लोकतंत्र के लिए अत्यधिक खतरनाक बताया है। ऐसे व्यवहारों पर नियंत्रण करने में दलबदल-विरोधी कानून की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठे हैं। संविधान की दसवीं अनुसूची में इस कानून को शामिल किया गया था ताकि निर्वाचित प्रतिनिधियों को निर्वाचन के बाद दूसरे दलों में जाने के लिए हतोत्साहित किया जा सके। इस कानून का उद्देश्य दलबदल को दंड देकर राजनीतिक व्यवस्था में स्थायित्व व निष्ठा तथा चुनावी जनादेशों की पवित्रता बनाए रखना है। लेकिन इसके अस्तित्व के बावजूद दलबदल भारतीय राजनीति की बीमारी बनी हुई है। राजनेता अक्सर टिकट, मंत्रिमंडल में स्थान या व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के चलते अपनी मूल पार्टी को छोड़ कर दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं। इसके साथ ही दलबदल विरोधी कानून अपने आयाम में सीमित है और वह राजनीतिक नैतिकता तथा आदर्श के व्यापक मुद्दों को संबोधित नहीं करता है। राजनेता अक्सर कानूनी कमियों का फायदा उठा कर अयोग्यता से बचने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई में शामिल हो जाते हैं और अपने कार्यों की जवाबदेही से बच जाते हैं। इससे न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचता है, बल्कि राजनीतिक व्यवस्था में जनता का विश्वास भी घटता है। लेकिन दलबदल कानूनों की निष्प्रभाविता तथा इस मुद्दे को संबोधित करने में विफलता हमारी राजनीतिक व्यवस्था में गहरी व्यवस्थागत चुनौतियों का संकेत है।

सवाल है कि दलबदल-विरोधी कानून अब भी मुद्दे को संबोधित करने में विफल क्यों है? इसका प्रमुख कारण कानून की एक कमी है जो कुछ परिस्थितियों में बिना अयोग्यता के दलबदल की अनुमति देता है। यदि किसी विधायक दल के एक तिहाई या इससे अधिक सदस्य दूसरी पार्टी में शामिल होने का निर्णय करते हैं तो कानून इस दलबदल की अनुमति देता है। इस प्रकार वह प्रभावी रूप से थोक में दलबदल को वैध ठहराता है। राजनीतिक पार्टियों ने इस प्राविधान का लाभ उठा कर बार-बार दलबदल कराई तथा विरोधी सरकारों को अस्थिर किया है। इसके साथ ही दलबदल विरोधी कानून में कठोर क्रियान्वयन व्यवस्था तथा सामयिक हस्तक्षेप का अभाव है। यह कानून जहां व्यक्तिगत पालाबदल को दंड देता है, वहीं ऐसी व्यवस्थागत विफलताओं को संबोधित नहीं करता है जिनमें सत्ता के लालच, संरक्षणवादी राजनीति और आंतरिक लोकतंत्र के अभाव के कारण पार्टी छोड़ने को प्रोत्साहन मिलता है। दलबदल कानून राजनीतिक दांवपेंच तथा सत्तारूढ़ दलों द्वारा चयनित ढंग से लागू करने का विषय बनता है। दलबदल-विरोधी कानून को मजबूत करने तथा दलबदल की विभीषिका से निपटने के लिए समग्र सुधार जरूरी हैं। इनमें कानूनी कमियां दूर करना, दलबदल के लिए कठोर दंड देना, निगरानी व्यवस्थायें मजबूत करना तथा पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र को प्रोत्साहन देना शामिल हैं। इसके लिए निष्ठा, जवाबदेही तथा नैतिक व्यवहार पर आधारित राजनीतिक संस्कृति विकसित करने के निरंतर प्रयास जरूरी हैं। कानून को मजबूत करने, लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर चलने तथा राजनीतिक प्रक्रिया में जनता का विश्वास बहाल करने के लिए तत्काल सुधार जरूरी हैं।

# चुनावी विमर्श में भ्रष्टाचार को वरीयता

**भ्रष्टाचार तथा आर्थिक अनिश्चितताओं के सरोकार राजनीतिक व चुनावी विमर्श में प्रमुख स्थान पर हैं और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के आयाम निर्धारित कर रहे हैं।**



**शिवाजी सरकार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



वर्तमान लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार तथा आर्थिक अनिश्चितताओं के सरोकार राजनीतिक व चुनावी विमर्श में प्रमुख स्थान पर हैं और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के आयाम निर्धारित कर रहे हैं। चुनावी गतिविधियों में गरमी आने के साथ ही अनेक घटनायें चिन्ता का विषय बनी हुई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की मुद्रास्फीति संबंधी चिन्ताओं के साथ ही बढ़ती हुई टोल दरें तथा परिवहन खर्च के कारण देश में राजनीतिक रूप से सरगर्म वातावरण में नये आयाम सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही अदालतों के कुछ फैसले भी उभरते परिदृश्य में जटिलता पैदा कर रहे हैं। अनेक पक्षों ने टोल दरें बढ़ाने तथा इनके परिणामस्वरूप परिवहन खर्च बढ़ने पर चिन्ता प्रकट की है। 'चुनाव बांडों' के प्रभाव ने राजनीतिक परिदृश्य में नए रंग पैदा किए हैं तथा कीमतों को प्रभावित किया है।

हालांकि, अदालत के आदेश पर अब चुनाव बांड योजना को असंवैधानिक घोषित करने के साथ ही इनके दानदाताओं व दान प्राप्त करने वाले दलों के बीच जानकारी सार्वजनिक की गई है। इसके साथ ही तीन अन्य अदालती फैसलों ने भी काफी प्रभाव डाला है। इनमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वोटर वैरीफायऐबल प्रिंट आडिट ट्रेल-वीवीपैट मुद्दे पर सुनवाई भी शामिल है जिनको आमतौर से 'वोटिंग स्लिप' कहा जाता है। इसके साथ ही न्यायालय का एक फैसला रिलायंस इन्फ्रा द्वारा दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो-ईपीएल को भुगतान न करने के बारे में है। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने पातंजलि के मालिकों की कठोर आलोचना की है जिन्होंने अपने विज्ञापन के माध्यम से अदालत की अवमानना की है। इन अदालती फैसलों ने चुनावी विमर्श को तेज कर उसे नए आयाम प्रदान किये हैं। इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय-ईडी द्वारा 'छत्तीसगढ़ शराब घोटाले' में धनशोधन मामले की नई जांच के आदेश को सुर्खियों में स्थान मिला है। ईडी ने केरल माकपा नेताओं को बैंक घोटालों से जोड़ा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री व 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल तथा भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस नेता के. कविता की गिरफ्तारी के बाद कुछ और लोगों की गिरफ्तारियां भी होंगी? इसके साथ ही सवाल उठता है कि क्या बढ़ती कीमतों को राजनीति और अदालती फैसलों के कारण हाशिए पर धकेल दिया जाएगा या वे इन आयामों के साथ ही चिन्ता का विषय बनी रहेंगी? हालांकि, मतदाता इस समय खामोश नजर आ रहे हैं, पर उनको अनदेखा करना असंभव है। भले ही मतदाता प्रमुख नेताओं की रैलियों में भाग लें या नहीं, पर वे हर ऐसे घटनाक्रम के प्रति पूरी तरह जागरूक हैं जिनका प्रभाव उनकी जीवनशैली पर पड़ सकता है। वर्तमान समय में ये सवाल भी तेजी से उठ रहे हैं कि आखिरकार संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोग भाजपा से क्यों जुड़ रहे हैं और आखिरकार भाजपा कांग्रेस से दलबदल को प्रोत्साहित क्यों कर रही है। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब मतदाता तथा विभिन्न पार्टियों के सदस्य प्रत्येक महत्वपूर्ण घटना के संभावित प्रभावों पर गौर कर रहे हैं। चंडीगढ़ नगरपालिका चुनाव में रिटर्निंग अधिकारियों की भूमिका तथा हिमाचल प्रदेश में दलबदल की घटनाओं ने भी समकालीन राजनीतिक विमर्श में महत्वपूर्ण आयाम जोड़े हैं। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि 'भ्रष्टाचार' कोई महत्वहीन मुद्दा नहीं है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों, जैसे, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय-ईडी व आयकर विभाग द्वारा राज्यों में कुछ खास विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी से आम जनता में व्याप्त इस अवधारणा पर ज्यादा असर पड़ने वाला नहीं है कि भ्रष्टाचार ने सभी राजनीतिक पार्टियों में अपना स्थान बना लिया है। बहुत से लोग चुनाव के पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को एक रणनीतिक कदम मानते हैं जिसका उद्देश्य चुनाव अभियान में इस लोकप्रिय नेता की सहभागिता रोकना है। अनेक लोगों की राय में उनकी गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के मुद्दे को संबोधित करने के ईमानदार प्रयास का हिस्सा नहीं है।

इससे अनेक लोगों को यह सोचने को मजबूर किया है कि संभवतः अनेक आवश्यक दवाओं व आवश्यक वस्तुओं की तेजी से बढ़ती कीमतों, या टोल दरों में वृद्धि का 'चुनाव बांडों' से कोई संबंध है। पूर्व उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने हाल ही में कहा है कि भ्रष्टाचार ने सभी पार्टियों को अपने दायरे में समेट लिया है। उनके इस बयान से मतदाताओं को यह सोचने को मजबूर होना पड़ा है कि आखिर भ्रष्टाचार का दायरा कितना विस्तृत है। पूर्व केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप छोड़ दिए गए हैं जो कथित रूप से 25,000 करोड़ रुपये के विमान खरीद घोटाले में शामिल थे। इससे यह सवाल उठने लगा है कि फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 100 करोड़ रुपये के कथित राज्य शराब नीति मुद्दे में घोटाले के आरोप में क्यों गिरफ्तार किया गया है। अनेक लोग इस बात पर विचार कर रहे हैं कि एयर इंडिया की बिक्री पारदर्शी थी या इसके पीछे कोई विवाद है। केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई ने विपक्ष को एकजुट कर दिया है जो दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल रैली से स्पष्ट है। हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिलायंस इन्फ्रा को दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो की ईपीएल को भुगतान संबंधी आदेश ने लोगों को सार्वजनिक क्षेत्र की दिल्ली मैट्रो में कार्पोरेट संलिप्तता के बारे में सवाल उठाने पर मजबूर किया है। अदालत ने अपना ही 2021 का आदेश खारिज कर दिया जिसमें दिल्ली मेट्रो को रिलायंस इन्फ्रा को 2,782 करोड़ भुगतान का आदेश उलट दिया जो ब्याज मिला कर अब 7,886 करोड़ हो गया था।

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस आर. गवई और जस्टिस सूर्यकांत ने इस कार्रवाई को उचित ठहराते हुए कहा कि यह 'न्यायिक गलती' थी जिसके कारण रिलायंस इनफ्रा को 'अवांछित लाभ' प्राप्त हुआ था। चुनाव बांड विवाद के फौरन बाद आए इस निर्णय ने मतदाताओं में संदेह की भावना पैदा की है। यदि दिल्ली मेट्रो को भुगतान करने पर मजबूर किया जाता तो इसका भार यात्रियों पर काफी बढ़े किरायों के रूप में सामने आ सकता था। इसी प्रकार अदालत ने एक अवमानना मामले में पातंजलि का माफीनामा स्वीकार करने से इनकार कर दिया जिसका संबंध भ्रामक विज्ञापनों से था। इन आदेशों से स्पष्ट होता है कि कानून का शासन कैसे भ्रष्ट व्यवहारों के माध्यम से फर्जी ब्रांड छवियों को ठीक कर मूल्य स्थिरता बनाए रख सकता है। अदालत द्वारा इस मामले में उत्तराखंड सरकार की आलोचना ने कानूनी हस्तक्षेप की शक्ति प्रदर्शित की है। कुछ राज्यों द्वारा बिजली की बढ़ी कीमतें भी ऐसे संभावित मुद्दे हैं। अनेक लोगों को लगता है कि राजनीतिक संबंध वाले ऐसे अनेक मामले मूल्य वृद्धि व मुनाफाखोरी का कारण बनते हैं।

कार्यपालिका और प्रशासन की लापरवाही के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ती हैं तथा कानून-व्यवस्था मशीनरी विफल होती है। न्यायपालिका द्वारा भ्रष्ट व्यवहारों को उजागर करने से आर्थिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर प्रभाव पड़ता है और इसके परिणामस्वरूप दिन-प्रतिदिन का खर्च बढ़ता है। 'दैनिक भास्कर' ने राजस्थान में कीमतों पर एक अध्ययन किया है। इससे पता चलता है कि 2019 की तुलना में पेट्रोल, डीजल व खाना पकाने वाली गैस की कीमतों में 42 प्रतिशत, खाद्य पदार्थों की कीमतों में 34 प्रतिशत तथा मधुमेह व हृदय रोगों की दवाओं में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि लोगों के बाहर खाने में 40 प्रतिशत कमी आई। इसी अवधि में दालों की कीमतों में 20 प्रतिशत, सब्जियों की कीमतों में 233 प्रतिशत, टैक्सी किरायों में 67 प्रतिशत, खाद्य तेलों की कीमतों में 100 प्रतिशत तथा एफएमसीजी कीमतों में 60 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई। हालांकि, इसी कालखंड में विभिन्न वर्गों के वेतन में 11 प्रतिशत से लेकर 26 प्रतिशत तक वृद्धि हुई। इस प्रकार मूल्यवृद्धि की चिन्ता बनी हुई है। लेकिन इन सबके बावजूद अयोध्या में राम मंदिर को लेकर धार्मिक उत्साह तथा मोदी की गारंटी पर विश्वास बना हुआ है। यह कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर आर्थिक आयामों तथा जातीय गणित का प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन वाराणसी के बजाय अमेठी और रायबरेली पर लोगों का ध्यान अधिक बना हुआ है।

# भ्रष्टाचार की सीमाओं का निर्धारण

> “ सार्वजनिक पदाधिकारियों और निजी व्यक्तियों पर हाल के छापे भारतीय समाज में अभी भी मौजूद भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों के बारे में बताते हैं। ”

**सिद्धार्थ मिश्रा**
(लेखक, दिल्ली विवि में सह प्रोफेसर हैं)



चाहे वह चुनावी बांड का मुद्दा हो, दिल्ली की शराब नीति हो या राजनेताओं, नौकरशाहों और यहां तक कि निजी व्यक्तियों से जुड़े कई अन्य मुद्दे हों, शायद कुछ अंतराल के बाद, भ्रष्टाचार का भूत वर्तमान में राष्ट्रीय चर्चा में वापस आ गया है। भारत में भ्रष्टाचार की व्यापकता के बारे में लोगों की अपने अनुभव, ज्ञान या यहां तक कि रुचियों के आधार पर अलग-अलग धारणाएं और विचार हो सकते हैं। कुछ लोग सोच सकते हैं कि सरकारी पदाधिकारियों और राजनीतिक वर्ग में भ्रष्टाचार अत्यधिक प्रचलित है, जबकि अन्य लोग यह मान सकते हैं कि निजी क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में, यहां तक कि छोटे व्यवसायों में भी, किसी न किसी रूप में भ्रष्टाचार मौजूद है। हालाँकि कुछ अन्य लोग ऐसे भी हो सकते हैं जो भ्रष्टाचार को उचित ठहरा सकते हैं और कुछ ऐसे भी हो सकते हैं जो इसकी तीखी आलोचना करते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि कोई इस परिदृश्य को कैसे देखता है जो इस संबंध में सामाजिक दृष्टिकोण को आकार देता है और यदि इसे सच माना जाता है, तो क्या पूरे मुद्दे को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है?

ईमानदारी से कहें तो भ्रष्टाचार जीवन के सभी क्षेत्रों में व्याप्त है, चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र हो या निजी। इस देश में हर जगह भ्रष्टाचार का कोई न कोई रूप दिखाई देता है। हालांकि, भ्रष्टाचार का वह रूप जो आमतौर पर शहर में चर्चा का विषय बन जाता है वह सरकारी या राजनीतिक वर्ग का भ्रष्टाचार है। इस हिसाब से, क्या किसी रिक्शा चालक या सब्जी या फल विक्रेता द्वारा वास्तविक मूल्य से अधिक कीमत मांगना या अधिक कीमत वसूलना भी भ्रष्टाचार नहीं माना जाना चाहिए? क्या किसी निजी उद्यम में बॉस द्वारा अपने अधीनस्थों पर हावी होना, उत्पीड़न करना या पदोन्नति की शर्त के रूप में अनुचित लाभ प्राप्त करना भ्रष्ट नहीं माना जाना चाहिए? विडम्बना यह है कि कानून इस तरह के व्यवहारों को भ्रष्टाचार कानून के दायरे में आने और प्रतिबंधित करने की आवश्यकता नहीं मानता है, हालांकि शायद, कानून ऐसे मामलों में कुछ अन्य प्रकार के उपाय प्रदान कर सकता है।

ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार केवल सरकारी क्षेत्र तक ही सीमित है, बल्कि मौद्रिक भी भ्रष्टाचार का एकमात्र प्रकार नहीं है। इस देश में भ्रष्टाचार के अन्य रूप भी मौजूद हैं जिन पर आमतौर पर ध्यान नहीं दिया जाता या उन पर अंकुश नहीं लगाया जाता। सत्ता में बैठे लोगों का अहंकार, वास्तविक काम में भी देरी करना और सामान्य लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान करना या अपमानित करना भ्रष्टाचार माना जाना चाहिए। सार्वजनिक पदाधिकारी पद संभालने से पहले शपथ लेते हैं और अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहने की शपथ लेते हैं, वे सार्वजनिक कार्यालयों में लोगों के लिए ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हैं, जो उन पर विश्वास करते हैं और आम लोगों की सेवा करना और लोगों के विश्वास को तोड़ने से बचना उनका प्राथमिक कर्तव्य है। देश भर में करोड़ों लोगों को सरकारी विभागों में हर स्तर पर काम करवाने में जबरदस्त चुनौतियों, उत्पीड़न और अपमान का सामना करना पड़ता है, लेकिन जनता की याददाश्त अल्पकालिक होती है और लोग समय बीतने के साथ ऐसे मुद्दों को आसानी से भूल जाते हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं कि भ्रष्टाचार समाज या राज्य के हित में नहीं है। इसलिए, भ्रष्टाचार के खतरे को रोकने के लिए, बाद की सरकारों ने कानून बनाने और प्रवर्तन मशीनरी की स्थापना सहित कई कानूनी उपाय अपनाए हैं। हालांकि, जैसा कि भ्रष्टाचार की हालिया घटनाओं से स्पष्ट है, ऐसे सभी उपाय लोगों को भ्रष्टाचार के कृत्यों में शामिल होने से नहीं रोकते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि कानून भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में विफल रहे हैं या क्या यह है कि कानून इस समस्या का समाधान नहीं दे सकते हैं? क्या इस देश के जीवन को खा रहे इस खतरे से छुटकारा पाने के लिए किसी को कानूनी उपायों से परे देखने की जरूरत है? क्या यह देश कानून और उसके कार्यान्वयन के माध्यम से भ्रष्टाचार के खतरे को दूर कर सकता है? यदि यह सच होता तो यह देश बहुत पहले ही भ्रष्टाचार मुक्त हो गया होता। क्या इसका मतलब यह है कि भ्रष्टाचार हमारे अंदर स्वाभाविक रूप से मौजूद है और इसने एक स्वीकृत मानदंड का दर्जा हासिल कर लिया है और इस देश में भ्रष्टाचार से छुटकारा पाना संभव नहीं है? सवाल यह उठता है कि क्या भ्रष्टाचार इस देश में जीवन का एक तरीका बन गया है और क्या अब लोगों को भ्रष्टाचार या इसमें शामिल लोगों की आलोचना करना बंद कर देना चाहिए। इसके अलावा, एक और परेशान करने वाला पहलू यह है कि क्या भ्रष्टाचार में शामिल होने से आरोपी पर कोई कलंक लगता है या उसे सामाजिक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ता है। इस बारे में संदेह मौजूद है कि क्या भ्रष्ट आचरण में किसी व्यक्ति की संलिप्तता का विचार चुनाव करते समय, विशेषकर राजनीतिक लोगों के मानस पर पड़ता है। क्या यह सब सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंधों के संपूर्ण आयाम पर फिर से विचार करने की मांग नहीं करता है। सार्वजनिक पदाधिकारियों और निजी व्यक्तियों पर हाल के छापे भारतीय समाज में अभी भी मौजूद भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों के बारे में बताते हैं।

लेखक एक उच्च पदस्थ आईटी अधिकारी को याद करते हैं, जो एक बार भ्रष्टाचार विरोधी छापों में शामिल थे, उन्होंने उन्हें बताया था कि जिन पूर्व नौकरशाहों पर बेहिसाब संपत्ति के लिए छापे मारे गए थे, उनमें से एक ने अवैध रूप से कई संपत्तियां अर्जित की थीं, जिनमें से अधिकांश को कभी देखा भी नहीं गया था। या उसके द्वारा दौरा किया गया। उस अधिकारी ने दुखी होकर चुटकी ली, कोई कितना भ्रष्टाचार करेगा या करना चाहिए और भ्रष्टाचार की भी एक सीमा होनी चाहिए। दुर्भाग्य से और विडम्बना यह है कि यह वक्तव्य जनता की सामान्य भावना से मेल खाता प्रतीत होता है, जो प्रशासनिक या राजनीतिक भ्रष्टाचार को कष्टपूर्वक स्वीकार कर लेते हैं, लेकिन चाहते हैं कि कम से कम उन्हें इसे एक सीमा में करना चाहिए।

## आप की बात

**आप की बात**



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

### आरक्षण का आधार

**इस चुनाव** में कांग्रेस ने आरक्षण का आधार धर्म करने की बात कही है। उन्होंने कर्नाटक में मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया तथा मुसलमानों की अनेक जातियों को ओबीसी कोटे में डाल दिया है। आगे चलकर कांग्रेस यही फार्मूला पूरे देश में लागू करना चाहती है जबकि हमारा संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण देने की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना बिल्कुल ठीक है कि जनता को कांग्रेस के इन खतरनाक मंसूबों का पूरी ताकत से जवाब देना चाहिए। चुनाव तो आते-जाते रहेंगे मगर धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद कर देगा। ऐसे में व्यापक राजनीतिक विचार-विमर्श के बाद आरक्षण का आर्थिक आधार बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए। भाजपा सरकार ने देश में सबसे पहले सवर्ण गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी है। एससी, एसटी व ओबीसी समाज के समृद्ध लोगों को इस बात के लिए तैयार किया जाना चाहिए कि वे अपनी अगली पीढ़ियों के लिए आरक्षण की मांग न करें। ओबीसी के लिए लागू क्रीमी लेयर को एससी व एसटी श्रेणियों पर भी लागू करने पर सहमति बनाने का प्रयास होना चाहिए। जनता में अत्यधिक लोकप्रिय मोदी ऐसे प्रयास कर सकते हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### योगी की लोकप्रियता

**लोकसभा चुनाव** में सिर्फ दक्षिणी राज्यों को छोड़कर अधिकांश राज्यों में एनडीए की स्थिति अत्यंत सुदृढ़ है। लेकिन इसके बावजूद बीजेपी के कर्यकर्ता लंबे समय से निरंतर जनता के संपर्क में है। उन्होंने जनता को यह अहसास कर दिया है कि वे बरसाती मेंढकों की तरह सिर्फ बारिश में ही प्रकट नहीं होते, बल्कि हर समय जनता के साथ रहते हैं। उत्तर प्रदेश में तो अपराधी तत्वों के खिलाफ जिस तरह की सख्ती बरती गई और जनता को जो राहत और हिम्मत मिली वही एनडीए के लिए तुरूप का इक्का है। जिन क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी पैर तक नहीं रखते थे और अनेक जज भी इन क्रूर माफिआओं के केस लेने से घबराते थे, वहां अब आम जनता बेखौफ होकर घूम रही है। यह किसी चमत्कार से काम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वे केवल बुलडोजर बाबा ही नहीं विकास पुरुष भी हैं। योगी आदित्यनाथ ने पिछड़े व गरीब प्रदेश को आज भारत में अग्रणी बना दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशासनिक क्षमता, हिम्मत और दृढ़ता देखकर सिर्फ यूपी ही नहीं वरन् देश कि अधिकांश जनता चाहती है कि मोदी के बाद बाद योगी ही देश के अगले प्रधानमंत्री बने।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### छात्रों को शुभकामनायें

**दसवीं और बारहवीं** बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित हो गए हैं। जो विद्यार्थी सफल हो गए वे और आगे बढ़ें और जो पिछड़ गए वे फिर से अगली बार सफलता पाने के लिए प्रयास करें। खेल का मैदान हो या स्कूल का कक्ष, प्रतिस्पर्धा हर जगह हर उम्र में होती है और हार-जीत भी होती है। जीत की खुशी होना लाजिमी है, किन्तु हार में साहस जुटाना उससे भी बड़ी तपस्या है। परीक्षाओं से बच्चों का नाता नया नहीं है क्योंकि वे अब तक अनेक परीक्षायें दे चुके हैं। साथ ही परिणामों का भी उन्हें अनुभव रहा है। अगर हम पीछे रह गए हैं तो कोई बात नहीं आगे भी और अनुकूल समय आते रहेंगे। परीक्षायें आगे भी आती रहेंगी। हमें बस हिम्मत के साथ आगे पढ़ाई जारी रखना है। बच्चों के माता-पिता अपने बच्चों को और बेहतर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें। जिनके कम अंक आएं हैं उन्हें और अच्छे नंबरों से आगे पढ़ने के लिए कहें और जो अच्छे अंक लाएं हैं उन्हें भी उत्साहित करें। जो पीछे रह गए हैं उन्हें धैर्य रखने की शिक्षा दें ताकि वे आगे और अच्छा परफॉर्म करके दिखा सकें। किसी भी तरह की नकारात्मक सोच का दबाव बच्चों पर न डालें। देश-दुनिया की प्रगति तथा उसमें बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आशा बनाए रखें।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

# कोटागांव एंव कुमुड़कट्टा मे मतदाताओं ने किया उत्साह के साथ मतदान





## आदिवासी संस्कृति की थीम पर सुसज्जित किया गया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिले के अन्य स्थानों की भाँति सुदूर वनांचल में स्थित आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखंड के कोटागांव एवं कुमुड़कट्टा मे मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। इस दौरान मतदान केंद्र मे सीआरपीएफके जवानों का मानवीय चेहरा भी नजर आ रहा था। सीआरपीएफ के जवानों ने मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ चलने-फिरने फिरने मे असमर्थ मतदाताओं को व्हील चेयर मे बिठाकर प्रवेश द्वार से मतदान कक्ष तक लाने ले जाने का भी कार्य किया। इस दौरान मतदान केंद्र कोटागांव में अपनें मताधिकार का प्रयोग कर 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला बिरीन बाई एवं 80 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता सुबरन बाई कोमरे ने उम्र के इस अंतिम पडाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 226 कुमुड़कट्टा को आकर्षक साज-सज्जा किया गया। यहां पर छिंद की डालियों से आदिवासी संस्कृति से ओतप्रोत बेहतरीन सेल्फी जोन का निर्माण किया गया था। मतदान के लिए पहुंची सरस्वती कोसरे, सुमित्रा यादव, सीमा कोसरे ने बताया कि मतदान केंद्र मे मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के साथ साथ शरबत् की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र मे पहुंचने वाले मतदाताओं का तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया। इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 277 कुमुड़कट्टा मे दुल्हन बनने जा रही सूलोचना ने पहले मताधिकार का प्रयोग करने के बाद विवाह मंडप में जाकर शादी के अन्य रस्मों को पूरा किया। दुल्हन बनने जा रही सुलोचना ने कहा की हम सभी मतदाताओं को सबसे पहले मतदान कर अन्य कार्यों को पूरा करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मतदान केन्द्र 226 कुमुड़कट्टा में 90 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता सोनसिंह टेकाम ने सुबह पहले मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर सोनसिंह टेकाम ने सेल्फी जोन में पहुँचकर सेल्फी भी ली। मतदान केंद्र कोटागांव मे तैनात सीआरपीएफके जवान राहुल बाग एवं सूरज भारद्वाज ने बताया की ड्यूटी मे तैनात हम सभी जवान भी सफलतापुर्वक मतदा सम्पन्न कराने का प्रयास कर रहे हैं।

## शिक्षक दंपत्ती जी.एस.खोबरागड़े उम्र 90 वर्ष एवं गोदावरी बाई खोबरागड़े उम्र 82 वर्ष ने किया मतदान



**दल्लीराजहरा।** कांकेर लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत डौंडीलोहारा विधानसभा के मतदान केन्द्र शा.कन्या प्रा.शा.भवन चिखलाकसा के कक्ष क्रमांक 2 में इंदिरा कालोनी, वार्ड क्रमांक 9 चिखलाकसा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक दंपत्ती जी.एस.खोबरागड़े उम्र 90 वर्ष एवं गोदावरी बाई खोबरागड़े उम्र 82 वर्ष ने 26 अप्रैल2024 को मतदान कर देश के पर्व में अपनी सहभागिता निभाई।

## सपाद धाम सल्धा में हुआ 108ब्राम्हण बटूको का उपनयन संस्कार



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के शिवगंगा आश्रम में 108 ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार विधि विधान से पुज्यपाद अनंत विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज 1008 के आशिर्वाद से परमपूज्य दण्डि स्वामी श्रीमज्जयोतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज के सानिध्य में आचार्य रवि शास्त्री, प्रविण गर्ग, नरेन्द्र पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न कराया गया। मुख्य यजमान के रुप में महेश शर्मा रश्मिता शर्मा रहे। उपनयन संस्कार में छत्तीसगढ़ के 12 जिलों के अलावा म.प्र.के बटुक शामिल हुए उपनयन संस्कार में शामिल बटुकों एवं उनके परिजनों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की भी निःशुल्क व्यवस्था शिवगंगा आश्रम के द्वारा किया गया था उपनयन संस्कार में मुख्य रूप से सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय, सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला,सुनिल दत्त दुबे, सहसपुर लोहारा, भोला तिवारी शंकर तिवारी सिल्हाटी, राधेश्याम चौबे लोरमी धनंजय दीवान देवकर, रामस्वरूप पाण्डेय खण्डसरा, रामानंद त्रिपाठी, जय पाण्डेय, मनोज दुबे, संजीव तिवारी बेमेतरा,जुगल किशोर शर्मा धमनी, संजय दुबे पण्डभट्टा, के साथ मातृ शक्ति के रुप विधि तिवारी, स्वेता शर्मा, अंजना दुबे, कुमुदिनी दीवान, सुनिता तिवारी, निवेदिता तिवारी, कुमारी अनंता दीवान, आरती पाण्डेय, माधुरी पाण्डेय, सुमन पाण्डेय, शामिल रहे।

## विभिन्न शक्ति केन्द्रों पर की गयी महतारियों से चाय पर चर्चा



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव 2024 के दुर्ग संसदीय क्षेत्र में भाजपा अपनी चुनावी तैयारी को व्यवस्थित ढंग से कार्य रूप में परिणित करते हुए प्रचार प्रसार करने में अग्रणी है। शक्ति केंद्र के सह संयोजक सुजीत यादव ने बताया कि महतारियों के साथ चाय पर चर्चा मां गायत्री शक्ति केंद्र बूथ क्र.13 वार्ड नं 07 रामनगर कुम्हारी में भाजपा के मोदी सरकार द्वारा किए गए अनेक कार्यों का विस्तार से जानकारी एवम कांग्रेस के पूर्व सरकार के घोटाले के बारे में जानकारी देते हुए और भेदभाव की राजनीति के बारे में लोगों को जागरूक किया गया । इस चर्चा के साथ साथ दुर्ग लोकसभा से सांसद प्रत्याशी विजय बघेल को रिकार्ड मतों से विजयी बनाने का निवेदन किया गया । ज्ञात हो पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव में भी इस बूथ 13 वार्ड 07 में भाजपा ने 51 मतों से जीत दर्ज की थी इस बार सभी ने प्रचंड मतों से कमल खिलाने का संकल्प लिया भाजपा के कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजू निषाद के निर्देशन में इस शक्ति केंद्र के सह संयोजक सुजीत यादव दत्त एवम इस बूथ के बूथ अध्यक्षा गीता निर्मलकर के नेतृत्व में यह बैठक संपन्न हुई । इस बैठक में इंद्रा यादव, गंगा मढरिया, गायत्री वर्मा के साथ अनेक मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही ।

## ग्राम कुकरापानी का इको फ्रेंडली मतदान केन्द्र पर्यावरण के अनुकुल सुसज्जित होकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए दे रहा संदेश

### मतदान केन्द्र को बांस टहनियों, पत्तियों, बिरनमाला, गुलमोहर की फूल से सजाया गया




पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के बैगा बाहूल क्षेत्र ग्राम कुकरापानी में पर्यावरण के अनुकुल इको फ्रेंडली आदर्श मतदान केन्द्र बनाकर ग्रामवासियों को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। मतदान केन्द्र को बांस टहनियों, पत्तियों, बिरनमाला, गुलमोहर की फुल सहित बैगा संस्कृति और परम्पराओं से सजाया गया है। इसमें प्लास्टिक का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया गया है। मतदान केन्द्र को पर्यावरण के अनुकुल सुसज्जित किया गया है। मतदान केन्द्र के अंदर जाने वाले रास्तों के दोनो तरफ पेड़-पौधों सहित स्थानीय वनोपज की पत्तियों को लगाकर सजाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर पीने के पानी के लिए मटका, मिट्टी का गिलास रखे गए हैं। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि कहा कि इन मतदान केंद्रों की स्थापना में किसी भी प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया है और मतदान केंद्रों को पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से सुसज्जित किया गया है। ये पर्यावरण-अनुकूल इको फ्रेंडली मतदान केंद्र न केवल मतदाताओं को आकर्षित करेंगे और उनकी शत-प्रतिशत निर्वाचन में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही इको फ्रेंडली मतदान केंद्र पर्यावरण के प्रति लोगों को आकर्षित करने के साथ मतदान अधिकारियों को पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के लिए आकर्षित करेगी।

## संगठन सचिव ने सालगिरह पर लगाए कठिया में पौधे



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के सहयोग से संगठन सचिव गणेश साहू, उनकी पत्नी गंगा साहू ने ग्राम कठिया के तालाब किनारे पीपल का एक पौधा लगाकर के शादी कि सालगिरह मनाई एवं सबका मुंह मीठा कराए। संगठन सचिव ने बताया कि पतझड़ के बिना नए पत्ते नहीं आते, उसी तरह कठिनाई सहे बिना अच्छे दिन नहीं आते गणेश साहू पेड़ -पौधे की देखरेख अपने एक छोटे बच्चों की तरह करते हैं। वृक्षारोपण में संगठन सचिव गणेश साहू, गंगा साहू (पत्नी), संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सदस्यगण- खोमन चंद्राकर, सुनील (बल्लू), अक्षय साहू, चम्मन निषाद, लक्ष्मीनारायण साहू,दाऊ राम निषाद रामकृष्ण सेन, धनेश साहू, एवं ग्रामीण सुशीला साहू, योगेश्वरी साहू सहित दो नन्हे बच्चे कान्हा, रेशम आदि उपस्थित रहे।

## निर्वाचन संबंधी कार्यो के लिए जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र में लगी अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत रूट चार्ट तैयार करने, वाहन प्रभारी की नियुक्ति, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति तैयार करने, मतदाता सूची का अवलोकन करने एवं सामग्री वितरण एवं वापसी संबंधी कार्यो के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी हरवंश सिंह मिरी के निर्देशन में पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए विधानसभावार जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा पाटन-62 हेतु प्रभारी स.अ.भू.अ. रमेश कुमार साहू के सहायक अधिकारी रा.नि. हिरेन्द्र क्षत्रीय, रा.नि. नजूल जांच संजू के साथ संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी की ड्यूटी लगाई गई है। सहयोग हेतु सहायक कर्मचारी सहायक ग्रेड-2 प्रीतम साहू, स.ग्रे 3 भारत उईके दुबे, चैनमैन गीता बाई एवं रानी राव की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा दुर्ग ग्रामीण-63 हेतु प्रभारी स.अ.भू.अ. रामपाल ठाकुर के सहायक अधिकारी रा.नि.परि.भू. अरूण कुमार, रा.नि.नजूल जांच सोमा व संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी की ड्यूटी लगाई गई है। सहयोग हेतु सहायक कर्मचारी स.ग्रेड 3 कुमार दास साहू, गणेश देवदास, महेन्द्र बेलचंदन की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा दुर्ग शहर 64 हेतु प्रभारी स.अ.भू.अ. पुनीत राम वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। सहायक अधिकारी रा.नि.परि.भू. दोनश्वर साहू, रा.नि.नजूल जांच निधी वर्मा व संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी की ड्यूटी लगाई गई है। सहयोग हेतु सहायक कर्मचारी स.ग्रे 3 जयश्री वर्मा, स.ग्रे.3 जगतराम यादव, चैनमैन दुलसिया बाई की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा भिलाई नगर 65 हेतु प्रभारी स.अ.भू.अ. शंकर तिवारी को नियुक्त किया गया है। सहायक अधिकारी गार्गी सत्यनारायण, रा.नि.परि.भू. राहुल कुमार साहू व संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी की ड्यूटी लगाई गई है। सहयोग हेतु स.ग्रे.2 रेखादेवी पांडे, स.ग्रे3 दीपक कुमार दुबे, सागर कुमार साहू, चैनमैन माखनलाल वर्मा, नोहर लाल वर्मा सहायक कर्मचारी होंगे।

## डाक मतपत्र हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में जैसे मतदान दल, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षाकर्मियों, एस.एस.टी., एस.एफ.टी. तथा वाहन चालक, क्लीनर के रूप में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु विधानसभावार बीआईटी कॉलेज दुर्ग में सुविधा केन्द्र बनाया गया है। सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्र के द्वारा मतदान हेतु निर्धारित संपूर्ण प्रक्रिया का पालन कराए जाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक सामग्री/दस्तावेज कोषालय से सुविधा केन्द्र एवं वापसी हेतु प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन (62) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 22, दुर्ग ग्रामीण (63) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 05, दुर्ग शहर (64) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 06 एवं 07 के लिए प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार धमधा धर्मेश श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पवन ठाकुर को नियुक्त किया गया है। भिलाई नगर (65) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 08, वैशाली नगर (66) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 01, अहिवारा (67) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 05 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है, जिसके लिए नायब तहसीलदार दुर्ग ज्योत्सना कलिहारी एवं दाल सिंह बिसेन को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार साजा-68 (आंशिक) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 13 और बेमेतरा-69 (आंशिक) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 12 तथा अन्य जिले के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 10 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है, जिसके लिए तहसीलदार धमधा पंचराम सलामे एवं अतिरिक्त तहसीलदार गुरूदत्त पंचभागे को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी मतदान हेतु आवश्यक सामग्री प्राप्त कर सुविधा केन्द्र स्थल में मतदान दल को उपलब्ध कराएंगे तथा मतदान पश्चात डाकमतों को सील बंद करके स्ट्रांग रूम कोषालय में जमा कराएंगे। मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 01 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक और 04 से 05 मई 2024 को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है। इसी प्रकार समस्त विधानसभा (पुलिस बल) के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग को सुविधा केन्द्र बनाया गया है, जिसके लिए नायब तहसीलदार अहिवारा कुंदनलाल शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया है। मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 01 मई 2024 तक और 04 से 05 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक समय निर्धारित है।

## बेमेतरा पुलिस द्वारा की जा रही हैं होटल ढाबा एवं वाहनों की सघन जांच



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा होटल, ढाबा एवं वाहनों की सघन जांच, अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौंकी प्रभारियो व स्टॉफ द्वारा होटल, ढाबा एवं वाहनों की सघन जांच की जा रही। पेट्रोलिंग पार्टिया भी गश्त में लगी है शहर के प्रमुख चौराहो में वाहनों की जांच शुरू कर दी हैं।

## सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर ने किया पाटन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र निर्वाचन क्रमांक 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर (आईएएस) ने विगत 24 अप्रैल 2024 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन अंतर्गत कुम्हारी, कुकदा, पतोरा, सेलूद, ठकुराईन टोला, अखरा, डीडाभाठा (रानीतराई), जामगांव (आर) आदि ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें संगवारी मतदान केन्द्र, दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्र भी शामिल थे। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों हेतु आवश्यक व्यवस्थायें जैसे पेयजल, शेड आदि संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जहां एक से अधिक मतदान केन्द्र है, वहां मतदान कक्षों तक जाने मार्ग चिन्हित करने निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार पाटन, नगर पालिक अधिकारी कुम्हारी, सुपरवाईजर, बीएलओ एवं स्कूलों के प्रधानपाठक उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा जिले के बस स्टेशनों एवं मुख्य मार्गो की सघन जांच



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा लोकसभा निर्वाचन को सफल बनाये रखने हेतु चुनाव में मादक द्रव्यों की उपयोगिता के रोकथाम के उद्देश्य से अलग-अलग संदिग्ध एवं अपराधिक क्षेत्रों में सतत् जांच की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा जिले के अन्तर्गत आने वाले होटल, ढाबों तथा रेलवे स्टेशन दुर्ग से आने-जाने वाले रेल यात्रियों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा 24 अप्रैल 2024 की रात्रि 2.30 से प्रातः 5.00 बजे तक महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से आने वाली यात्री बसों एवं चार पहिया वाहनों का पुलगांव चौक पर सघन जांच किया गया। जांच के दौरान बस ड्राइवरों एवं कण्डक्टरों को किसी भी प्रकार की संदिग्ध व्यक्ति अथवा संदिग्ध सामग्री का पहचान होने पर कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर तत्काल सूचना दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नौजिया, सुप्रिया तिवारी, पंकज कुजूर तथा आबकारी उप निरीक्षक भुनेश्वर सेंगर, हरीश पटेल, भूपेन्द्र नेताम, आबकारी मुख्य आरक्षक सन्तोष दुबे ड्राईवर जे दीपक राजू एवं प्रकाश राव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# टीआरएन एनर्जी के विरोध में 5 गांव के ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

## कहा– महावीर कोल वेरिफिकेशन के बिना अनुमति कर रहा विस्तार

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा घरघोड़ा अनुविभाग अन्तर्गत ग्राम-भंगारी, कटंगडीह, नावापारा (टेण्डा), चारमार, खोखरोआमा में आदिवासियों के जमीनों को औद्योगिक घरानों द्वारा फर्जी रजिस्ट्री और बेनामी अन्तरण से संरक्षण करने वाली कानूनों का धरातल में निष्क्रियता के कारण आगामी लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार करने को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिले के घरघोडा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भेंगारी में टीआरएन एनर्जी व महावीर कोल वेरिफिकेशन द्वारा कंपनी द्वारा क्षेत्र के करीब आधे दर्जन गांव के सौ से अधिक आदिवासी परिवारों के भू-स्वामी हक की जमीनों को बिना सहमति कपट पूर्वक बेनामी रूप से हडपे जाने के कारण पीडित आदिवासियों के द्वारा भू-राजस्व संहिता की धारा 170 ख के मामले में शिकायत व कार्रवाई की मांग की गई है जो प्रकरण अनुविभाग कार्यालय, न्यायलय में लंबित है। इन ग्रामीणों का कहना है कि ये पीड़ित आदिवासी परिवार अपने खेत व जमीन को बेचने के लिये कभी भी पंजीयक कार्यालय घरघोडा नही गए जबकि फर्जी सेल डीड रजिस्ट्री दस्तावेजों में उल्लेखित क्रेता व विक्रेताओं के नाम पिता का नाम गवाह फोटो इत्यादि फर्जी कूटरचना से तैयार किये गए हैं यही नही यहां के अधिकांश फर्जी अंतरण के मामलों में केवल 5-6 लोगों का नाम ही गवाहों के रूप में बार-बार उल्लेख किया गया है जो कि क्षेत्र में जमीन दलाल के रूप में जाने जाते हैं और यह प्रक्रिया अपने आप में फर्जी रजिस्ट्री की ओर इशारा करती है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि भू-राजस्व संहिता की धारा 165 के तहत किसी भी आदिवासी भू-स्वामी की जमीन खरीदने के लिये कलेक्टर की अनुमति आवश्यक है। लेकिन इन मामलों में किस कानून का व्यापक रूप से उल्लंघन किया गया है। यही नही इन दोनों औद्योगिक कंपनियों के द्वारा अन्य जिले के एक ही आदिवासी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के नाम से टुकडो में जमीन की खरीदी की गई हैं जो कि बेनामी अंतरण की श्रेणी में आता है। दरअसल ऐसे फर्जी दस्तावेज के आधार पर खरीदी करने वाले केता कंपनी के ही अधिनस्थ ठेका कर्मचारी है। दोनों कंपनी प्रबंधनों के द्वारा यहां के मूल आदिवासी किसानों को उनके जमीनों से बेदखल करके उद्योग स्थापित किया गया है तथा उद्योग स्थापना के लिये पेड़ो की अवैध कटाई तथा येश डाईक का निर्माण किया गया है। कंपनी प्रबंधनों के द्वारा भू-अर्जन की पारदर्शी की प्रक्रिया का भी पालन नही किया गया है। यहां तक की पीड़ित आदिवासी किसानों को व्यवस्थापन के तहत मुआवजा और पूर्नवाह नीति का लाभ भी अब तक नही मिला हैं इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन के द्वारा पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन की रिपोर्ट में वास्तविक तथ्यों को छुपाया गया है। जबकि हकीकत में कंपनियों के अपशिष्टो व रिस्ते फ्लाई ऐश के कारण निस्तार कुरकुट नदी और किसानों के खेत प्रदूषित हो रहे हैं और आदिवासी किसानों का जीवन यापन कठिन से कठन होनें लगा है। उनकी फसले प्रभावित हो रही हैं, खेत की मृदा नष्ट हो रही है। यही नही इस मामले में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त मामलों में आपत्ति जताते हुए औद्योगिक परियोजनाओं का विस्तार नही किये जाने को लेकर आदेश पारित करने के बावजूद महावीर कंपनी के द्वरा बिना स्वीकृति अवैधानिक रूप से कोल वाशरी का निर्माण व विस्तार किया जा रहा है। क्षेत्र के प्रभावित आदिवासी किसानों का कहना है कि यह संपूर्ण क्षेत्र पांचवी अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आता है। कार्पोरेट घरानों और गैर आदिवासी तथा प्रभावशाली लोगों एवं गुंडातत्वों के द्वारा आदिवासियों की जमीनों को जोर-जबर्दस्ती से बलपूर्वक से अवैध कब्जा कर उन्हें बेदखल कर देने के संबंध में ग्राम सभाओं और जनता के विरोध तथा कई बार शिकायतों के बावजूद इस मामले में कानूनी कार्रवाई अब तक लगभग शून्य है। अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण के संबंध में शिकायतों के बावजूद पुलिस मौन है। बेनामी संपत्ति मामलों में जांच कार्रवाई को प्रभावित भ्रमित करने के उद्देश्य से रायगढ़ व घरघोडा पुलिस प्रशासन द्वारा रोडा अटकाया जा रहा है। इन पीड़ित आदिवासी किसानों का कहना है कि यदि जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निराकरण नही किया गया तो सभी प्रभावित आदिवासी किसान अपने परिजनों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने के लिये बाध्य होंगे।

# खाना बनाने के विवाद के बाद छोटी बहन बनी कातिल

**सो रही बड़ी बहन को सिलबट्टे से उतारा मौत के घाट, आरोपी बहन पुलिस हिरासत में, कोतरा रोड के पतरापाली गांव का मामला**

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पतरापाली इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई जब दो सगी बहनों के बीच खाना बनाने को लेकर मामूली विवाद हुआ और जब बडी बहन खाना बनाने के बाद सो रही थी तब छोटी बहन ने अपनी सोती हुई बहन के सिर पर सिलबट्टे से पत्थर से हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया अब आरोपी छोटी बहन पुलिस हिरासत में है। उसने अपना अपराध कबूल लिया है।

इस संबंध में कोतरा रोड थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम पतरापाली में रहने वाले एक परिवार की दो बहने लगातार घर में एक दूसरे को मिलने वाली छूट तथा माता-पिता के प्यार को लेकर विवाद चल रहा था और बीते रात दोनों बहनों के बीच फिर से खाना बनाने को लेकर विवाद हुआ। तब विवाद इतना बढ़ा कि छोटी बहन ने बड़ी बहन के साथ झगडा भी किया। जब खाना बना तब उसकी बडी बहन बकायदा भोजन करने के लिये भी कहा लेकिन रात करीब 10 बजे जब 24 साल की बडी बहन सो रही थी तब 22 साल की उसकी छोटी बहन अचानक उसके पास पहुंचती है और घर में रखे सिलबट्टे से उसके सिर व शरीर में कई वार कर दिया। बुरी तरह घायल 24 वर्षीय बहन की कुछ देर बाद मौत हो जाती है। इस पूरी घटना की जानकारी कोतरा रोड थाने में दी जाती है और मौके पर पहुंचकर पुलिस जांच में कई सुराग हासिल करती है। कोतरा रोड थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने चर्चा के दौरान यह भी बताया कि आरोपी युवती ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों बहनों के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होते रहता था। नेहा ने बताया कि परिजन रंजिता से ही अधिक प्यार करते थे और हमेशा उसी का साथ देते थे इस बात से वह हमेशा दुखी होती थी। उसे घर में किसी का भी साथ नही मिलता था। कल रात भी खाना बनाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद घरवालों ने उसकी बडी बहन का ही सपोर्ट किया जिससे गुस्से में आकर उसने हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि मौके से पत्थर के सिलबट्टे तथा अन्य साक्ष्य को जब्त कर लिया गया है।

# तेज रफ्तार ट्रेलर पेड से टकराई, हेल्पर की मौत, बाल-बाल बचा चालक



पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के छाल थाना क्षेत्र से एक सड़क हादसे की खबर निकल कर आ रही है। यहां एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गया। रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रेलर दो टुकड़ों में बट गया। घटना में ड्राइवर की जान तो बच गई मगर उसके हेल्पर की जान चली गई। घटना बीते बुधवार दोपहर 2 बजे की है। घटना के संबंध में मृतक के चाचा नरेश खलखो ने पुलिस को बताया कि वे मूलतः कोरबा के रहने वाले है और रायगढ़ में ग्राम बांधापाली में रहकर ड्रायवरी का करता है। उसका भतीजा आशीष खलखों ग्राम बांधापाली के भवानी पटेल के ट्रेलर वाहन क्र. सीजी 12 एस 5146 के चालक सहयोग खलखो के साथ हेल्परी करता था।

24 अप्रैल को अदानी कोयला खदान से कोयला लोडकर राबर्टसन साईडिंग में ले जा रहे थे कि तभी दोपहर करीबन 02.20 बजे उसे मोबाईल से सूचना मिला कि ग्राम बोजिया धुवापहरी रोड के पास ट्रेलर वाहन का एक्सीडेन्ट हो गया है। तब वह ग्राम बोजिया घटना स्थल पर जाकर देखा तो ट्रेलर वाहन रोड किनारे पलटा था एवं ट्रेलर वाहन का ड्राईवर सहयोग कुमार खलखो स्टेरिंग में दबा था और उसका भतीजा आशीष खलखो हेल्पर सीट तरफदब गया था.

जिसके कारण उसकी मौके में ही मौत हो गयी थी। घटना के संबंध में मृतक के चाचा के लिखित आवेदन पर छाल थाना में आरोपी ड्राइवर सहयोग खलखो पर 304 । के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# कहरा समाज का महासभा शिवरीनारायण में संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

कहरा समाज का महासभा सम्मेलन शिवरीनारायण नगर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ कहरा समाज का तीन दिवसीय महासभा अधिवेशन का आयोजन धार्मिक नगरी चित्रोत्पला महानदी के तट पर माता शबरी की पावनधरा शिवनारायण नगर में 19.04.2024 दिन शुक्रवार को प्रारंभ हुई थी। जो 21.04.24 दिन रविवार तक शांतिपूर्ण ढंग से चली। उक्त महासभा सम्मेलन में जॉजगीर चॉपा, बिलासपुर, कोरबा, सारंगढ़ बिलाईगढ, रायगढ़, सक्ती, बलोदा बाजार सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों से समाजिक बन्धु शामिल हुए। विदित हो कि इस तीन दिवसीय महासभा अधिवेशन में क्षेत्रीय अध्यक्षों सहित अधिकांश ग्राम अध्यक्षों ने अपनी उपस्थिती दर्ज करायी। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 9 बजे तक संचालित हुआ। वर्तमान कार्यकारिणी ने एक सकारात्मक पहल करते हुए अपने छत्तीसगढ़ कहरा (कहार) मछुआरा समाज के पंजीयन की प्रक्रिया को पूरा करा लिया है। अध्यक्ष मुकेश कुमार राकेश ने उस पर प्रकाश डालते हुए आगे बताया कि इस यह रजिस्ट्रेशन के हो जाने पर छत्तीसगढ़ शासन की अनेक योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे समाज का प्रत्येक सदस्य मछुआरा समुदाय से जुड़े तथा अपने समाजिक व्यवसाय मत्स्य पालन की दिशा में अग्रसर हो तथा राज्य सरकार व केन्द्र सरकार से मिलने वाले अनके योजनाओं का लाभ ले। और स्कूल संचालन, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, कढ़ाई, सिलाई, बुनाई, प्रशिक्षण अचार, पापड़, अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण, सहित अनेक प्रकार के गृह उद्योगों का संचालन कर अपने और समाज की बेरोजगारी को दूर करने में सहयोग करें।

अगर कोई भी सामाजिक बन्धु युवा बेरोजगार माता बहने महिला समूह इन सभी दिशाओं में अगर कदम उठाते हैं तो छत्तीसगढ़ कहरा समाज हर संभव मदद करने को तैयार है। सभी सदस्यों का सदस्यता फॉर्म भरवारा जाएगा तथा उचित विश्लेषण परीक्षण किया जाएगा। ताकि योग्यता के अनुरूप योजनाओं का लाभ मिल सकें। तथा इनके अतिरिक्त अन्य कोई और उपयोगी सुझाव हो तो उनका भी स्वागत है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर के युवकों ने भी भरपूर मेहनत किया है। विशेषकर भोजन व्यवस्था व पानी व्यवस्था सफाई व्यवस्था में लगे ईकाईयों का कार्य काफी सराहनीय रहा। समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी व्यवस्था में लगे लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।तथा इस बड़े आयोजन में सभी महासभा पदाधिकारियों ने सामाजिक भत्ता नहीं लेकर निःस्वार्थ सेवा का परिचय देते हुए भविष्य के लिए मिसाल बन गये है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार राकेश, महासचिव हरिहर आदित्य, उपाध्यक्ष गेंदलाल कटकवार, जमुनादेवी श्रीमोर, जीवधन आदित्य, कोषाध्यक्ष कमल जलतारे, सचिव अशोक आदित्य, सह सचिव खिलावन आदित्य, संतोष आदित्य, लक्ष्मीनारायण आदित्य, भरत राकेश, सनत आदित्य, भरत कहरा, अमरनाथ, जागेश्वर आदित्य, गिरजाशंकर दिनेश, रवि आदित्य, मदन कहरा, दीपक आदित्य, लक्ष्मण कहरा, योगेश आदित्य, हुमेश आदित्य, शत्रुहन आदित्य सहित समाजिक बन्धु उपस्थित रहे।

# ड्रॉप एंड गो एरिया में भी कर रहे थे अवैध वसूली, रायगढ़ स्टेशन के पार्किंग संचालक पर 25 हजार रुपए की दंडात्मक कार्रवाई

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में यात्रियों के वाहनों के सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था हेतु पार्किंग स्टैंड का प्रावधान किया गया है जहां वे यात्रा के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान के साथ अपने वाहनों को खड़ा कर निश्चिंत यात्रा कर सके। पार्किंग का संचालन पार्किंग संचालकों द्वारा किया जाता है। पार्किंग के बेहतर संचालन प्रबंधन हेतु रेलवे अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाता है ताकि यात्रियों को अपनी वाहनों को रखने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। रेलवे प्रशासन को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी हुई कि रायगढ़ पार्किंग संचालक द्वारा ड्रॉप एंड गो व सर्कुलेटिंग क्षेत्र में भी पार्किंग शुल्क वसूली के साथ बदसलूकी की जा रही है। इसके संज्ञान में आते ही मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये इसकी जांच कराई गई तथा रायगढ़ पार्किंग संचालक पर 25 हजार रुपए का अर्थदण्ड आरोपित किया गया। साथ ही भविष्य में ऐसी शिकायतें मिलने पर इससे भी कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने के साथ ही पार्किंग टेंडर को निरस्त करने की चेतावनी दी गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा रायगढ़ स्टेशन के पार्किंग स्टैंड का लगातार औचक निरीक्षण करने का निर्देश भी सर्व संबंधितों को दिया गया है।

# 94 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ बिक्री करने वाले 05 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जांजगीर-चाम्पा।** विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना चांपा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध रेड कार्यवाही किया गया जिसमें आरोपी वर्षा साहू उम्र 40 साल निवासी घोघरानाला चांपा थाना चांपा के कब्जे से 24 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, सुखदेव साहू उम्र 35 साल निवासी घोघरानाला चांपा थाना चांपा के कब्जे से 45 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, उत्तम देवांगन उम्र 35 साल निवासी घोघरानाला चांपा थाना चांपा के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, रामचरण उर्फ रामू सागर उम्र 29 साल निवासी खिरसाली पारा बैरियर चौक चांपा के कब्जे से 12 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, रोशनी सहिष उम्र 35 साल निवासी खिरसाली पारा बैरियर चौक चांपा के कब्जे से 07 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जुमला शराब 94 लीटर कीमती 9,400/ को बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध अलग अलग अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 25.04.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेश पटेल, उप निरी. कमल दास बनर्जी, राकेश कुमार सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, वीरेंद्र टंडन, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जयसवाल, महिला आरक्षक सकुंतला नेताम थाना चांपा का सरहनीय योगदान रहा।

# गर्मी बढ़ते ही गांव के करीब तक आ रहे गजराज

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के जंगली हाथी प्रभावित क्षेत्र धरमजयगढ़ वन मंडल में लगातार हाथियों की आवाजाही बनी हुई है। उजड़ते जंगलों की वजह से हाथी अब रिहायशी इलाकों में प्रवेश करने लगे है। जिससे हाथी प्रभावित क्षेत्र के गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हमेशा बना रहता है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज से एक वीडियो सामने आया है जिसमें दो हाथी बोजिया मार्ग में सड़क किनारे आपस में लडते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों ने हाथियों के इस दृश्य का वीडियो बनाया है। रायगढ़ जिले के रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों सौ से अधिक जंगली हाथी अलग-अलग दल में अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहे हैं जिससे हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहता है और शाम ढलते ही गांव की गलियां सुनी हो जाती है, जंगल की तरफ गांव के ग्रामीण जाने से भी कतराने लगे हैं। वन विभाग के द्वारा भी लगातार मुनादी कराते हुए लोगों को जंगल की तरफ नही जाने की सलाह देते आ रहे हैं ताकि उनके क्षेत्र में जनहानि की घटना घटित न हो।

# मतदान दल के अधिकारियों कर्मचारियों को दिया जा रहा द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दल के अधिकारियों कर्मचारियों को द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण सेजेस सक्ती एवं सेजेस कसेरपारा सक्ती में दिया जा रहा हैद्य सक्ती जिले में मतदान दल के लिए अधिकारियो कर्मचारियों को 26 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में (प्रथम पाली सुबह 8:00 बजे से 12:00 तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को संचालित करने तथा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दल के अधिकारियो कर्मचारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉकपॉल, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक जानकारियों का बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण को संपन्न कराने के लिए सोमेश घितोड़े एवं प्रशांत बनाफर को सेजेस सक्ती तथा डॉ. अरविंद जगदेव एवं सी आर कोसले को कसेरपारा सक्ती का प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया है। साथ ही अजय कुमार देवांगन एवं डॉ. धम्मपाल रामटेके को सम्पूर्ण प्रशिक्षण का प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# स्थानीय लोगों को शासकीय आवास, ज्ञाता ही बने अनभिज्ञ

## नियम कायदा कानून को ताक पर रखकर हाऊसिंग बोर्ड जैजैपुर की मकान आबंटन

### कानून की ज्ञाता एसडीएम सक्ती पर लग रहा प्रश्न चिन्ह

### नेताओ की दबाव में या अधिकारीयो की चहेतो को मकान आबंटन

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत जैजैपुर मे दुर दराज से आए हुए कर्मचारीयों के लिए यहां मकान का निर्माण किया गया है, लेकिन यहां पर स्थानीय कर्मचारीयों का नाम उजागर हो रहा है। हम बात करते है हाऊसिंग बोर्ड जैजैपुर की मकान कि हाऊसिंग बोर्ड जैजैपुर के ब्लाक जी 2 टाइप में एसडीएम कार्यालय सक्ती से आबंटन किया गया है। जिसमें से अधिकांश निवासरत स्थानीय अधिकारी कर्मचारी है कानून कायदा को ठेंगा दिखाते हुए आबंटन कर दिया गया है, जिसमें कृषि विभाग से चन्द्रकान्त कश्यप, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, रूबी खेस, शिक्षा विभाग से मनमेन लकड़ा, नगर पंचायत से कौशल राजस्व विभाग से दिलीप ध्रुव ब्लाक जी 3 टाइप में राजस्व विभाग से परमेश्वर कश्यप, नारायण सूर्यवंशी, बद्रीनारायण जांगड़े एवं श्यामसुंदर नगर पंचायत और संदीप खांडे छात्रावास अधिकारी। ब्लाक जी 1 टाईप में राजस्व विभाग से विकास खूंटे, अश्वनी शर्मा, हीरेन्द्र चन्द्रा पुलिस विभाग से लोकनाथ यादव शिक्षा विभाग से गगनदी चन्द्रा। ब्लाक एच 1 टाइप में निवासरत। गेंदलाल पीएसओ पूर्व विधायक जैजैपुर, गजानंद शांडिल्य पीएसओ पूर्व विधायक जैजैपुर, चन्द्रभान चन्द्रा निज सचिव पूर्व विधायक जैजैपुर, दादुलाल बंजारे जनपद पंचायत जैजैपुर के नाम पर आबंटन लेकिन कंवर निवासरत है आदि। ब्लाक टाइप में भी अनेको कर्मचारियों को आबंटन किया गया है, लेकिन सभी कमरों की भौतिक सत्यापन करने की जरूरत है और ऐसे कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की भी जरूरत है वास्तविक में जिस अधिकारी कर्मचारियों जो दूर दराज से जैजैपुर में नौकरी करने आये है उसे मोटे रकम में किराए की मकान में रहना पड़ रहा है। स्थानीय को जिम्मेदार एसडीएम सक्ती ने ऐसे लोगों को मकान आबंटन कर दिया गया है कथा कथित कुछ कर्मचारी की किराये की मकान भी है और स्थाई जैजैपुर की निवासी भी है इसके बावजूद सरकारी मकान को आबंटन करवाया गया है जो समझ से परे हुए है हद तो तब हो गई जब छात्रावास अधीक्षक को बच्चों के बीच रहना चाहिए और उनकी देखभाल करना चाहिए लेकिन प्रशासन इतनी भी अनभिज्ञ है कि कानून व्यवस्था से हटकर अधिकारी आंख बंद करके किसी को भी आबंटन कर दिया गया है शासन प्रशासन जान बूझकर अनभिज्ञ है जो समझ से परे हुए है।

### नियम को ताक में रखकर किया गया मकान आमंत्रण

जैजैपुर हाउसिंग बोर्ड में देखने वाली बात यह आई है कि शासन भी नियम को ताक में रखकर शासकीय कर्मचारीयों को मकान रहने के लिए मुहैया कराई गई है। जो कि आसपास के रहने वाले एवं स्वयं जैजैपुर के निवासियों को यह हाउसिंग बोर्ड उपलब्ध हुआ है। जो मकान आवंटन करने वाले ज्ञाता है वह भी अनभिज्ञ होकर खुलकर उन कर्मचारियों को मकान आवंटन किया है, क्या वे अधिकारी फॉर्म लेते समय आवेदन गहन नहीं किये होंगे जिन्होंने शासकीय मकान को आबंटन किया है।

**चहेते लोगों को नेताओं ने कराया मकान आवंटन**

नगर पंचायत जैजैपुर में मकान आवंटन को लेकर अनेकों प्रकार की चर्चाएं चल रही है जिसमें नेताओं के द्वारा अपने चहेते लोगों को शासकीय हाउसिंग बोर्ड मकान को दिलाने मेंअपना महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं जिनके बदलते उन लोगों को मकान मिला है जो की स्थानीय लोग हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि नेता के द्वारा अधिकारियों के ऊपर दबाव डाला गया जिनके वजह से उन लोगों को हाउसिंग बोर्ड का मकान मिला जो प्रश्न वाचक चिन्ह को जन्म दे रहा है कि इन लोगों को हाउसिंग बोर्ड का मकान किस आधार पर प्राप्त हुआ।

# सड़क किनारे व खेल मैदान में डम्प कर रखे गिट्टी दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण

### स्थानीय प्रशासन कर रही अनदेखी

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ नगरीय क्षेत्र में गिट्टी बिक्रेताओं की मनमानी चरम पर है। दुकानदारों द्वारा मनमानी करते हुई राहगिरों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। धरमजयगढ़ में कई दुकानदारों द्वारा गिट्टी का धंधा किया जाता है, और दुकानदार के पास गिट्टी रखने के लिए जगह नहीं होने के कारण सरकारी जगह पर गिट्टी डम्प कर दे रहे हैं जिससे कभी की बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

धरमजयगढ़ के खेल मैदान में एक दुकानदार द्वारा हमेशा कई ट्रक गिट्टी डाल कर रख दिया जा रहा है। जिससे खेल मैदान खराब हो रहा है तो वहीं रायगढ़ रोड में अनिल ढाबा के सामने का हाल भी ऐसा ही है यहां पर भी दुकानदार द्वारा कई-कई ट्रक गिट्टी डम्प कर रख दिया जाता है जिससे आने जाने वाले गाड़ियों को साइड लेने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुकानदार की लापरवाही से कभी भी बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना बना रहता है क्योंकि मुख्य मार्ग से सटा कर इस तरह से गिट्टी रखना कही ना कहीं स्थानीय प्रशासन की कमजोर कार्यप्रणाली को दर्शाता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में धरमजयगढ़ सीएमओ प्रभाकर शुक्ला से बात करने पर बताया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं था आप लोगों से पता चला है मैं इसकी जांच करवा कर नोटिस जारी करता हूं। खनिज इंसपेक्टर आशीष रायगढ़ से चर्चा करने पर बताया कि दुकानदार एक-दो ट्रिप स्टाक रख सकते हैं इसके लिए अनुमति की जरूरत नहीं है, यादि इससे अधिक रखते हैं तो खनिज विभाग से अनुमति लेने की जरूरत है, लेकिन एक बात तो साफ है कि दुकानदार को अपने दुकान के सामने स्वयं की जमीन पर रखना है किसी भी प्रकार से अगर शासकीय भूमि पर डम्प किया जाता है तो उनके उपर कार्यवाही होगी।

# लोनिवि के ईई ने प्रशासनीक तंत्र को गुमराह करने के लिए गोदी मीडिया का लिया सहारा

## जेल रोड में डबलू बीएम सड़क पर उड़ रहे धूल के गुबारे

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




लोक निर्माण विभाग के ईई संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा शासन एवं प्रशासन को गुमराह करने के लिए एवं अपनी लापरवाही छुपाने के लिए अब गोदी मीडिया का सहारा लिया जा रहा है जबकि रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में रिंग रोड एवं जेल रोड का कार्य विगत लगभग 10 माह से मंथर गति से चल रहा है जिसके कारण उस मार्ग में निवासरत एवं आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और ईई संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा आम नागरिकों के राहत के लिए उस डब्लू बीएम सड़क पर ठेकेदार से पानी का छिड़काव तक नहीं करा पा रहे हैं और गोदी मीडिया के माध्यम से डामरी करण कर बेहतर सुविधा देने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। ऐसी ओछी हरकत के कारण आज दिनभर पूरे नगर में गोदी मीडिया एवं ईई के कार्य प्रणाली को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाओं का दौर चलता रहा। व्ही उस मार्ग से गुजरने वाले एवं निवास रथ पीड़ित व्यक्तियों के द्वारा इन लोगों की कार्य प्रणाली पर थू थू करते नजर आए। इससे यह प्रतीत होता है कि ठेकेदारों पर इनका कोई नियंत्रण नहीं रह गया है और जनहित के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण आए दिन छत्तीसगढ़ प्रदेश शासन एवं प्रशासन के साख पर बट्टा लगाने का कार्य किया जा रहा हैं? जब इनकी हरकत के बारे में संभाग स्तर पर बैठे ऐसी एवं सी को अवगत कराया गया तो उनका कहना था कि ईई संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा यह जानकारी दी जा रही है कि पिचिंग का कार्य प्रारंभ है सच्चाई तो यह है कि जेल रोड में डब्लू बीएम का कार्य किय हुए कई महीनो का समय व्यतित हो चुका है। इसके बाद भी पिचिंग का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। और ईई संतोष कुमार गुप्ता के कार्य प्रणाली कि शिकायत के बाद अपने करतूतों को छुपाने के लिए अपने ही वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने में लगे हुए हैं जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव को उक्त संबंध में जब अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा कि जनहित के कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बक्शा नहीं जाएगा।

# कलेक्टर राहुल देव ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने पथरिया विकासखंड के ग्राम लौदा के मतदान केंद्र क्रमांक 256, 257, 258 और ग्राम बरछा के मतदान केंद्र क्रमांक 254 का निरीक्षण कर पेयजल, विद्युत, साफसफाई, छाया सहित मूलभूत सुविधाओ का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम में कुल मतदाताओं की संख्या, पिछले बार का मतदान प्रतिशत और मतदाता परिचय पत्र वितरण की जानकारी ली। उन्होंने घर घर जाकर परिचय पत्र शीघ्र वितरण करने और मतदाताओं को मतदान के लिए आवश्यक पहचान पत्र आधार कार्ड, राशन कार्ड की जानकारी देते हुए मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करना है। पंचायत सचिव, बीएलओ और मितानिन घर घर जाकर मतदाताओं को 07 मई को लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता के लिए जागरूक करें। पलायन किए मतदाताओं से वीडियो कॉल के जरिए मतदान के लिए प्रेरित करे और घर आने पर उन्हें फूल व नारियल भेंटकर सम्मानित करें। कलेक्टर ने हस्ताक्षर अभियान के तहत ऐसे मतदाता, जिन्होंने पिछले निर्वाचन में मतदान नहीं किया था, उन्हें लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए संकल्प दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी बातचीत की और मतदान के महत्व को बताते हुए शत प्रतिशत मतदान की अपील की। इस अवसर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर, तहसीलदार पथरिया छाया अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री ने दिव्यांग मतदाता दीपाली सोनी को मतदान सेवा देने पहुंचे

## राष्ट्र निर्माण हेतु प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करना है आवश्यक- रामू रोहरा

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



मतदान हेतु मतदाताओं में विशेष उत्साह आम मतदाताओं के साथ.साथ दिव्यांग जनों में भी देखने को मिला। इसी क्रम में नयापारा वार्ड के बूथ क्रमांक 171 नगर पालिका उत्तर माध्यमिक शाला में दिव्यांग मतदाता दीपाली सोनी 22 वर्ष को भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा उनके घर पहुंच कर मतदान करने हेतु अपनी सेवाएं ही प्रदान नही की बल्कि स्वयं व्हीलचेयर को अपने हाथ में लेकर मतदान केंद्र के निश्चित दूरी तक पहुंचाते हुए मतदान हेतु सहयोग प्रदान कर एक अनुकरणीय पहल सार्वजनिक जीवन में काम करने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत की इसमें उनका सहयोग करने के लिए नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे,नरेंद्र जयसवाल, सुभाष चंद्राकर, वैभव साहू,घनश्याम चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, गोपाल साहू द्वारा प्रदान किया गया। रामू रोहरा ने कहा कि लंका विजय में प्रभु राम की सहयोग करने के लिए रामसेतु बांध निर्माण हेतु जो भूमिका गिलहरी की थी वैसे ही राष्ट्र के निर्माण में एक.एक मतदाताओं के मत की आहुति मां भारती को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने में अपना पवित्र योगदान देगी।

# जिले में 5 लाख 98 हजार से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

## मतदान केंद्रों पर पेयजल, छाया, सहित दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी व्हीलचेयर की सुविधा

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

**7 मई को होगा मतदान**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के 05 लाख 98 हजार से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि बिलासपुर लोकसभा के अंतर्गत लोरमी, मुंगेली एवं बिल्हा विधानसभा के लिए कुल 663 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें लोरमी (26) के लिए 264 मतदान केंद्र, मुंगेली (27) के लिए 279 मतदान केंद्र तथा बिल्हा (01 से 118) के लिए 120 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार कुल 45 महिला प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें विधानसभा लोरमी में 15, मुंगेली में 15 तथा बिल्हा में 10 मतदान केंद्र हैं। इसी प्रकार जिले में 10 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिसमें 05 लोरमी तथा 05 मुंगेली में स्थित हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशन में प्रत्येक मतदान केंद्रों पर पीने का साफ पानी, छाया, शौचालय एवं संकेत बोर्ड आदि की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर देव ने भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों में यथासंभव प्रतीक्षा कक्ष बनाने तथा गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए पृथक कतार लगवाने के भी निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में रैम्प निर्माण तथा व्हीलचेयर की व्यवस्था की जा रही है, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मतदाताओं की सुविधा की दृष्टि से जगह-जगह पर संकेत बोर्ड भी बनाए जाएंगे, इससे मतदाताओं को पता चलेगा कि उन्हें कहां जाकर मतदान करना है। साथ ही अगर किसी मतदाता को कोई जानकारी लेनी है, तो उसके लिए हेल्प डेस्क भी बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री देव बताया कि मतदाताओं की सुविधा का विशेष ख्याल रखा जा रहा है, ताकि लोग अपने घरों से निकलकर वोट करें और और हम ''शत प्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले के अभिमान'' के लक्ष्य को हासिल कर सकें।

### होम वोटिंग की मिलेगी सुविधा

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप 85 साल से ज्यादा उम्र और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता श्रेणी के मतदाताओं के लिए घर से वोट डालने की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। मतदान अधिकारी ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पेपर बैलेट से मतदान कराएंगे और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रकिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी।

# बुजुर्ग दंपत्ति हुए कांकेर लोकसभा के मगरलोड बुथ क्रमांक 63 से मतदान करने से वंचित






पायनियर संवाददाता ✓ मगरलोड/धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत देश में इन दिनों सात चरणों में लोकसभा का निर्वाचन कर लोकतंत्र का महापर्व मनाया जा रहा है और इस लोकसभा में एक.एक वोट से भी जीत हार का फैसला हो सकता है लेकिन कांकेर लोकसभा के नगर पंचायत मगरलोड के बूथ मांक 63 में बुजुर्ग दंपत्ति को जीवित होते हुए भी मतदाता सूची में डिलीट होने व मतदान पर्ची प्राप्त नहीं होने के कारण मतदान के महापर्व से वंचित होना पड़ रहा है। बता दे की नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड मांक 13 में निवासरत केजू राम सिन्हा 88 वर्ष एवं उसकी धर्मप ी कुंती बाई सिन्हा 78 वर्ष को मतदान करने के लिए तीनों बूथों का चक्क र लगाना पड़ रहा है। वही बुथ मांक 63 के पीठासीन अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि इन बुजुर्गों का नाम सूची में है लेकिन डिलीट है इसलिए हम मतदान करने नहीं दे सकते। इस संबंध में कुरूद एसडीएम एवं तहसीलदार मगरलोड इस पर नाम कटने को त्रुटि बताते हुए पल्ला झाड़ दिए। वही बीएलओ ने भी पर्ची नहीं मिलने की बात कह कर चुप्पी साध ली। लोकतंत्र की इस महापर्व पर 5 साल में लोकसभा का निर्वाचन कर भारत की सरकार बनाने के लिए लगातार निर्वाचन आयोग द्वारा समय.समय पर लोगों को जागरूक करने का काम किया जाता है लेकिन इन बुजुर्गों के नाम जीवित होने के बाद भी मतदाता सूची में डिलीट कर देना बड़ा ही प्रशासन की चुक कहीं जा सकती है । क्या इन बुजुर्गों के लिए पुनः कांकेर लोकसभा का निर्वाचन मतदान में भाग ले पाएंगे। मतदान से वंचित होने के कारण इन बुजुर्गों में काफी निराशा हुई एवं मतदाता सूची में डिलीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बीआईटी रायपुर में दो दिवसीय टेकफेस्ट उदय 2024 का हुआ आयोजन





पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

दो दिवसीय टेक्नो कल्चरल टेकफेस्ट उदय 2024 का आयोजन भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि अतुल अग्रवाल महाप्रबंधक (पी एंड एस) एनटीपीसी और विशिष्ट अतिथि आशीष जैन एजीएम एनटीपीसी उपस्थित थे। दो दिवसीय टेकफेस्ट में तकनीकी गैर तकनीकी और खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस टेकफेस्ट के आयोजन का मूल उद्देश्य प्रत्येक छात्र को अपनी छिपी प्रतिभा दिखाने के लिए समान अवसर और मंच प्रदान करना है। मुख्य अतिथियों ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद छात्रों को उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते देखकर बहुत ही प्रसन्नता व्यक्त की जब मुख्य अतिथि ने फ्लैशमाब के बाद मार्च पास्ट देखा तो वह छात्रों की ऊर्जा और रचनात्मकता से मंत्र मुक्त हो गए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छात्र कक्षा के बाहर जो सकते हैं वह उनके जीवन को बेहतर बनाने में काफी मदद करता है। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि बीआईटी ट्रस्ट के अध्यक्ष और मेंबर सेक्रेटरी आईपी मिश्रा उपस्थित थे, उन्होंने अपने प्रेरक शब्दों से विद्यार्थियों को आशीष वचन प्रदान किया और वे विद्यार्थियों की प्रतिभा से काफी प्रभावित हुए। कार्यक्रम की सराहना करते हुए इस आयोजन के लिए बीआईटी रायपुर को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संस्था के प्राचार्य डॉ आरके मिश्रा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी छात्रों, अध्यापकों और समस्त स्टाफ को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। टैक्फेस्ट उदय के संयोजक डॉ ख्वाजा मोहिद्दीन ने गणमान्य व्यक्तियों को कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बैंड, कल्चरल प्रोग्राम फ्लैशमॉब और फैशन शो था।यह जानकारी बी आई टी के छात्र संयोजक प्रबुद्ध तिवारी ने दी है।

# शेडो एरिया में शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराने के उददेश्य से कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



25 अप्रैल को राहुल देव कलेक्टर जिला मुंगेली एवं पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल द्वारा जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शेडो एरिया में शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराने के उददेश्य से मीटिंग का आयोजन किया गया है। मीटिंग के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल द्वारा शेडो एरिया प्लानिंग, एटीआर रिमोर्ट एरिया में मूवमेंट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। राहुल देव, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग एवं अन्य समस्त विभाग को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता होना बताये है। इस अवसर पर गणेश यू.आर. (आईएफएस) उप संचालक एटीआर, प्रभाकर पांडेय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुंगेली, निष्ठा पाण्डेय, अपर कलेक्टर मुंगेली, पंकज पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली, गिरधारी लाल यादव एसडीएम लोरमी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदान कर्मियों, पुलिस कर्मियों व अनिवार्य सेवा वालों के लिए डाक मतदान की व्यवस्था

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव कार्य में लगे मतदान कर्मियों, पुलिस कर्मियों के डाक मतदान के लिए जिला मुख्यालय में सुविधा केंद्र बनाए गए हैं। पूर्व में यह सुविधा केंद्र विधानसभा क्षेत्र के प्रशिक्षण स्थल पर प्रस्तावित थे। इसमें संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के मंथन सभागार में सभी विधानसभा क्षेत्र के डाक मतदाता वोटिंग कर सकेंगे। 30 अप्रैल से 5 मई 2024 तक सवेरे 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान समय तय किया गया है। कोनी स्थित सामग्री वितरण स्थल पर बनाए गए सुविधा केंद्र में 6 मई को सवेरे 9 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग किया जा सकता है। वहीं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए भी जिला कार्यालय के मंथन सभागार में पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है। यहां 30 अप्रैल से 2 मई तक सवेरे 9 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाला जा सकता है।

## मलकीत सिंग का निधन



**रायपुर।** रायपुंर निवासी सः मलकीत सिंग धजल सुपुत्र स्व. सः प्रताप सिंग धजल) का 26 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया है। उन की शवयात्रा 27 अप्रैल शनिवार को उनके निवास स्थान नहर पारा रायपुर से सुबह 11 बजे आरम्भ होकर देवेन्द्र नगर मोक्ष धाम के लिए जावेगी।

## पुनर्मिलन (रियूनियन)



ताल से ताल मिलने वाली है इस साल,
मित्रों से बिछड़े हुए हो गए पूरे 25 साल।
हम फिर गले मिलेंगे, यादों के फूल खिलेंगे।
कोई व्यापारी ,कोई अधिकारी, कोई नियुक्त है सेना में,
कोई बन गया प्रोफेसर, ज्ञान का दीप जलाते हुए कर रहे हैं सफर।
आओ जीवन के अनुभव आपस में बांटे,
इतने साल बिछड़ने के बाद दिन हमने कैसे काटे।
आपस में सुनाएं अपनी अपनी कहानियां,
वह भी क्या दिन थे जब नहीं थी कोई परेशानियां।
सुकून की बात मत कर दोस्त,
बचपन वाला रविवार अब नहीं आता।
हमारे बचपन में 3जी 4जी नहीं,
होते थे केवल गुरुजी और पिताजी होते थे,
एक ही थप्पड़ में पूरा नेटवर्क आ जाता था।
किसी का पेट निकल आया है तो किसी के बाल पकने लगे हैं,
हकीकत ये है की सारे दोस्त अब थकने लगे है।
हम आये तुम आओ,
कभी-कभी तो प्यार से मिले,
बन रहें, अच्छा है बने रहे, आपस के ये सिलसिले।
खट्टी मीठी यादें देकर समय चला जाता है,
क्या खोया, क्या पाया यही याद आता है।

**डॉ. प्रशांत मुंडेजा**
**रायपुर**

# तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई किये जाने की मांग तेज

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के ग्राम पंचायत तिल्दा में एक झोलाछाप डॉक्टर घर घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हुए आ रहा है जिस पर प्रशासन स्तर पर लगाम कसने की मांग तेज हो चुकी है जिसके लिए ग्रामीणों ने सम्बंधित स्वास्थ्य विभाग के मुख्य अधिकारी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग किये गए हैं।तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर की बात करे तो वह कोई और नहीं बल्कि ग्राम पंचायत का ही निवासी है।जो आए दिन बिना डिग्री के लोगों का इलाज करते हुए आ रहा है ।इनके इलाज से न जाने कितने लोगों को जान से हाथ गवाए होंगे इसकी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है।सी एम एच ओ डॉ एम पी महिश्वर ने बताया कि कार्रवाई के लिए टीम गठित करने के लिए बीएमओ लवन को बोल दिया हूँ।

## लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं सहित नये मतदाताओं ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा



**धमतरी।** लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों और दिव्यांग मतादाताओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा लेकर मतदान किया। इस अवसर पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतादाताओं को मिलने वाली सुविधाओं को उन्होंने सराहा। इसके अलावा लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर युवा मतदाता काफी उत्साहित हैं।

# वेदांतु के छात्रों ने एक बार फिर से जेईई मेन 2024 में हासिल की शानदार सफलता

## प्रणवानंद साजी एआईआर 31 के साथ बने ओवरसीज़ टॉपर

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

Vedantu
LEARNING CENTRE

जेईई ट्यूशन में अग्रणी वेदांतु ने बताया कि इसके 1698 छात्र जेईई अडवान्स्ड में क्वालिफाय हुए हैं। शिक्षा जगत के इस दिग्गज ने जानकारी दी है कि उनके 210 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर और 641 छात्रों ने 97 परसेंटाइल से अधिक स्कोर हासिल किया है। वेदांतु के टॉप छात्रों में से एक प्रणवानंद ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 31 केसाथ जेईई मेन में ओवरसीज़ टॉपर रहे हैं। इसके अलावा वेदांतु के तीन छात्रटॉप 500 में रहे और 6 वेदांतु छात्रों ने टॉप 1000 में एआईआर हासिल किया है। वेदांतु के 27 अन्य छात्रों ने एक या अधिक विषयों में 100 परसेंटाईल स्कोर हासिल किया है। बैंगलोर में स्थित वेदांतु के लर्निंग सेंटर ने शानदार परिणामों के साथ उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसकी स्थापना पिछले साल ही की गई थी। सेंटर के 80 फीसदी छात्र इस साल जेईई अडवान्स्ड में क्वालिफाय हुए हैं। इस सफलता का श्रेय वेदांतु के लर्निंग के पर्सनलाइज़्ड तरीकों को दिया जा सकता है। तकरीबन एक दशक से तकनीकी इनोवेशन्स के साथ वेदांतु सुनिश्चित करताहै कि इनके फिज़िकल क्लासरूम और आधुनिक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म्स पर छात्रों को लर्निंग का उत्कृष्ट अनुभव मिले। मास्टर टीचर्स, डाउट एक्सपर्ट और एकेडमिक मेंटर हर छात्र पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हैं और उन्हें कस्टमाइज़्ड तरीकों से पढ़ाते हैं। वहीं दूसरी ओर वेदांतु की तकनीकी संरचना छात्रों को घर में आराम से बैठ कर पढ़ने का अनुभव प्रदान करती है।

## वयोवृद्ध भाजपा नेता गजराज ने सपरिवार मतदान केन्द्र जाकर किया मतदान



**धमतरी।** वयोवृद्ध भाजपा नेता गजराज जैन, भीखी बाई जैन, जिला भाजपा उपाध्यक्ष कविंद्र जैन एवं मनविता जैन ने सपरिवार अपने मतदान केंद्र मे जाकर मतदान किया ।

## रसिया से पहुंचकर वाही परिवार ने किया मतदान



**धमतरी।** देश हित, राष्ट्र के हित एवं विकसित भारत के लिए भारत के विकास के लिए और समृद्धि के लिए देश की सुरक्षा के लिए रसिया से वोट देने पहुँची सिमरन वाही, बसंत वाही की बेटी एवं परिवार ने अपना वोट दिया जिसमें रसिया से डॉक्टर बनकर आई सिमरन वाही ने बताया कि देश के विकास के लिए मैंने अपना पहला वोट रसिया से आकर के अपने मतदान का प्रयोग किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने हिस्सेदारी प्रदान की।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/296/रीडर-1/2024 जशपुर, दिनांक -............

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07** तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदिका आरती गुप्ता पति दया गुप्ता,** ग्राम जशपुर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय** प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-जशपुर, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न. 379/7, जिसका रकबा 0.1010 हे., में से/वर्ग.मी. 10 डि., प्रयाजनार्थ आवासीय प्रयोजन।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 08/05/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 24/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**Name Change**

It is informed to the general public that I, KASHISH D/O. NILESH THAKKAR, resident of VILLAGE RAWAN GRASIM VIHAR, District BALODA BAZAR Pin 493196 (C.G.) have changed my old name of KASHISH, D/O. NILESH THAKKAR so in future I should be recognized by my new name that is KASHISH THAKKAR D/O. NILESH THAKKAR in all government and other documents.

**KASHISH THAKKAR**
GRASIM VIHAR
ULTRATECH CEMENT
STAFFF COLONY
GRAM RAWAN
DISTRICT-BALODA BAZAR
PIN 493196 (C.G.)

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कशिश पिता निलेश ठक्कर निवासी ग्राम रावन ग्रासिम विहार जिला बलौदाबाजार पिन 493196 (छ.ग.)

यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम कशिश ठक्कर पिता निलेश ठक्कर रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम कशिश ठक्कर पिता निलेश ठक्कर से ही जाना पहचाना जाये।

**कशिश ठक्कर**
ग्रासिम ठक्कर
ग्रासिम विहार अल्ट्राटेक सीमेंट
स्टाफ कॉलोनी ग्राम रावन
जिला बलौदाबाजार
पिन - 493196 (छ. ग.)



लाठी के सहारे चलने वाली बुजुर्ग महिला ने भी मतदान से अपने कदम पीछे नहीं खींचे। सुबह- सुबह वे वोट डालने अपने बूथ पहुंची। यहां उनके साथ दूसरी भी बुजुर्ग महिलाएं थीं। मतदान के बाद बाहर निकलते हुए उन्होंने स्याही से रंगी ऊंगली सामने कर दी। यह तस्वीर भारत के जनतंत्र पर 77 बरसों का विश्वास दशाती है।

## जनतंत्र में मातृशक्ति की अलौकिकता...



मतदान के बीच एक अनूठी तस्वीर निकलकर सामने आई है। राजनांदगांव निकाय क्षेत्र के बूथ क्रं. 70 ढाबा की एक महिला ने सुबह पहले मतदान किया जिसके बाद उन्होंने एक निजी अस्पताल में स्वस्थ पुत्र को जन्मदिया। लोकतंत्र के महापर्व पर गहरी आस्था और मातृत्व दशाती यह तस्वीर अपने आप में गूढ मायनों को दशाती है।



जनतंत्र में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ती गई है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। आज जब सुबह मतदान शुरु हुआ तो हर वर्ग की महिलाएं घरों से बाहर निकली और अपनी सरकार चुनी। ग्रामीण महिला मतदाताओं की यह कतार जनतंत्र में अपनी भागीदारी पूरी निष्ठा से निभाने का वायदा करती है।

## शादी की रस्मों से पहले मतदान करने पहुंचे दूल्हा-दुल्हन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव लोकसभा में शुक्रवार को जारी मतदान के दौरान लोकतंत्र के प्रति गहरी आस्था रखने वालों की कुछ दुर्लभ तस्वीरों में एक युवती ने हल्दी रस्म के बीच अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भगवती की शुक्रवार को हल्दी है, 27 अप्रैल को उसकी शादी है। भगवती यादव ने हल्दी के वैवाहिक कार्यक्रम से समय निकालकर आज मतदान केन्द्र क्रमांक 35 छुरिया में मतदान किया। लोकसभा चुनाव के साथ शादियों का सीजन भी चल रहा है। लोकतंत्र के महोत्सव में शादी की रस्मों से पहले दूल्हा-दुल्हन मतदान केन्द्रों में अपना मतदान देने पहुंचे। चिखली क्षेत्र बूथ क्रं 73 में संजय यादव अपनी बाराज निकलने से पहले मतदान करने पहुंचे। बारात जाने के पहले दूल्हा राजा चिमन कुमार साहू ने डोंगरगांव ब्लॉक के मतदान केन्द्र क्रमांक 170-बनहरदी में मतदान किया। बारात जाने के पहले दूल्हे राजा दुर्गेश साहू एवं मनाऊ साहू ने मतदान केन्द्र क्रमांक 235-रातापायली में मतदान किया। डोंगरगांव विकासखंड के मतदान केन्द्र 220-कोहका में दूल्हे राजा उमेश कुमार कुंभकार एवं डेविड कुंभकार बारात जाने से पहले मतदान करने पहुंचे। भगवती यादव अपने हल्दी के वैवाहिक रस्मों से समय निकालकर मतदान करने विधानसभा खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्र 35-छुरिया पहुंची। बारात जाने से पहले दूल्हा राजा इंद्रकुमार वैष्णव आदर्श मतदान केन्द्र 176-ढारा पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं कोहका के मतदान केंद्र में दो सगे भाईयों ने दूल्हे के पोशाक में मतदान केंद्र में पहुंचकर लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। सिर पर सेहरा बांधे दोनों भाईयों ने बारात ले जाने से पहले मतदान केंद्र का रूख कर लोगों को वोटिंग के लिए प्रोत्साहित किया।





# 40 डिग्री तापमान में लगभग 73 फीसद मतदान : शांति से निपटी वोटिंग, पोलिंग बूथ से मतदान दल का लौटना जारी

■ कई स्थानों पर ईवीएम में खराबी की शिकायतें भी आई, पुख्ता रहेसुरक्षा के बंदोबस्त

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रथम चरण के मतदान के ट्रेंड का असर दूसरे चरण में भी दिखा। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कुल जमा 72.93 प्रतिशत मतदानहुआ। पिछली बार से यह लगभग 3 फीसद कम है। वर्ष 2019 में 76.20 प्रतिशत मतदान हुआ था। सुबह मतदान में तेजी दिखी लेकिन 40 डिग्री के ऊपर पारा चढ़ने के बाद मतदान केंद्रों में सून-सपाट की स्थिति रही। पोलिंग बूथों के बाहर पंडालों में भी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता नजर नहीं आए।

संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभाओं में सबसे ज्यादा मतदान डोंगरगढ़ और सबसे कम मतदान पंडरिया में दर्ज किया गया है। नक्सल प्रभावित जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (एमएमएसी) में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ। यहां डीआरजी व अर्ध सैनिक बलों के जवानों के सुरक्षा घेरे में मतदान दलों देर शाम तक लौट आए। विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर व खुज्जी अंशिक के मतदान सम्पन्न होने के उपरांत मतदान दल सकुशल वापस लौटे। विधिवत सामग्री को निर्धारित केन्द्र शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय में जमा किया। मतदान के दौरान किसी तरह की बड़ी दुर्घटना की खबर नहीं आई है। हालांकि, एमएमएसी जिला के ग्राम देवरसुर में पोलिंग बूथ पर मधुमक्खियों के हमले की जानकारी सामने आई लेकिन देर शाम तक इसमें हताहत लोगों और मतदान के प्रभावित होने की खबर नहीं मिल सकी। इधर, राजनांदगांव जिले सहित अन्य जिलों में मतदान सुबह 7 बजे से शुरु हुआ जो कि 5 बजे तक चला। कई स्थानों पर तय समय के बाद भी मतदाताओं की कतार होने पर देर शाम तक वोटिंग कराई गई। सुबह कई स्थानों पर ईवीएम में गड़बड़ी या शुरु न होने की शिकायतें आईं। राजनांदगांव शहर में कमला कॉलेज स्थित बूथ 37 में ईवीएम तकरीबन 15 मिनट देर से शुरु हुई। इसी तरह गुरुनानक कॉलेज स्थित बूथ क्रं. 43 में वीवी पैट मशीन के खराब होने के चलते भी मतदान प्रभावित हुआ।



### मतदान की गोपनियता भंग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही

जिले भर के थाना क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचनमें मतदाताओं द्वारा मतदान की गोपनियता भंग किए जाने के मामले में कार्यवाही की गई है। पुलिस प्रशासन ने जानकारी दी कि दिये गये मत को मतदान कक्ष के अन्दर रखे बैलेट युनिट का बटन दबाते हुये फोटो खींचकर अपने विभिन्न सोशल मीडिया में डालकर मतदान की गोपनियता को भंग किये जाने के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के अन्तर्गत अपराध है। ऐसे कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किया गया है और विभिन्न सोशल मीडिया में डाले गये पोस्ट को डीलिट कराया गया है।

### 71.87 प्रतिशत हुआ मतदान, पिछली बार से लगभग 5 फीसद कम

| विधानसभा | 9 बजे | 11 बजे | 1 बजे | 03 बजे | 05 बजे |
|---|---|---|---|---|---|
| डोंगरगांव | 15.12 | 34.76 | 46.80 | 58.40 | 73.23 |
| डोंगरगढ़ | 8.39 | 29.06 | 45.00 | 55.00 | 78.83 |
| कवर्धा | 13.00 | 32.48 | 46.32 | 59.84 | 70.20 |
| खैरागढ़ | 17.03 | 37.81 | 54.83 | 67.25 | 75.25 |
| खुज्जी | 18.21 | 32.19 | 41.10 | 65.80 | 75.22 |
| मोहला मानपुर | 20.50 | 42.00 | 63.00 | 71.00 | 75.00 |
| पंडरिया | 13.00 | 28.35 | 45.78 | 57.70 | 68.30 |
| राजनांदगांव | 14.53 | 30.53 | 43.66 | 60.31 | 72.48 |

(वोटर टर्नआऊट के मुताबिक आंकड़े प्रतिशत में, मोहला-मानपुर विस में मतदान सुबह 7 से 3 बजे तक संपन्न हुआ।)

### बीते चुनाव में हुए मतदान

| | | |
|---|---|---|
| वर्ष 2019 | - | 76.20 |
| वर्ष 2014 | - | 74.04 |
| वर्ष 2009 | - | 58.86 |
| वर्ष 2004 | - | 59.02 |

### युवाओं में दिखा उत्साह

मतदान को लेकर युवा उत्साहित रहे। खासकर फर्स्ट टाईम वोटर्स ने मतदान में खासी दिलचस्पी ली। युवाओं ने विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के मामलों पर बात की। पहली बार वोट डालने पहुंची प्रीति ने कहा कि, भारत की अंतर्राष्ट्रीय छवि विकास के प्रति दृढ़ छवि से ही मजबूत होगी। योगेश ने शिक्षा को पहली प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि, हर जिले में इंफर्मेशन टेक्नोलॉजी के शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए।

## मतदान का उत्साह
















कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने गुरूनानक स्कूल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 42 पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र में मतदाताओं के साथ लाईन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने मतदान करने के बाद सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर मतदान करने का संदेश दिया।




पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने अपनी पत्नी के साथ गुरूनानक स्कूल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 42 पहुंचकर मतदान किया। पुलिस अधीक्षक ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाते हुए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।



खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा भी सुबह अपनी पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचे। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि - आशा है, सभी मतदाता अधिक से अधिक संख्या में वोट करेंगे। मतदान के बाद वे विभिन्न बूथों में पहुंचे और मतदान का निरीक्षण किया।

# मतदान के ठीक पहले कांग्रेस को लगा बडा झटका, मुस्लिम समाज के कई युवको ने ली भाजपा की सदस्यता

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छग प्रदेश मंत्री रेशमा शेख ने माला पहनाकर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

पूरे देश में इन दिनो लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। विभिन्न पार्टी के नेताओ का भी पार्टी बदलने का सिलसिला लगातार जारी है। मतदान के ठीक पहले कांग्रेस पार्टी का कार्य कर रहे कई मुस्लिम युवक भारतीय जनता पाटी की रीति नीतियो से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। मुस्लिम युवको का भाजपा के प्रति बढता रूझान कांग्रेस को बडा झटका माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामू जगदीश रोहरा पार्टी के पक्ष में धुंआधार प्रचार लगातार कर रहे है। उनके ही मार्गदर्शन में में अल्पसंख्यक समुदाय के बीच धुंआधार प्रचार करते रहे जिसका नतीजा यह रहा कि मुस्लिम समाज के 25 युवाओं ने चुनाव की पूर्व संध्या ही भाजपा का दामन थाम लिया जिनमे 7-8 युवक कांग्रेस कार्यकर्ता है जिनके कंधों बूथ में प्रचार प्रसार कर कांग्रेस को जीतने की जिम्मेदारी थी। उन युवाओं से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश मंत्री रेशमा शेख ने भेंट कर मोदी के विकसित भारत के बारे में बताया और अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान मोदी मित्र के तहत सभी को मोदी मित्र बनाकर मोदी के लिए सहयोग की अपील की जिससे प्रभावित होकर समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता समेत मुस्लिम समाज के 25 युवकों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता ग्रहण करने वालो में मोहम्मद अमजद खान अज्जू , मोहम्मद अफ्ज़ल खान, मोहम्मद आरिफ खान, मनोज महारा, कनीजा बी , जाहिदा ने भाजपा की नीति नीति से प्रभवित होकर भाजपा प्रवेश किया। इस मौके पर मुख्य रूप से रेशमा शेख प्रदेश मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, राजेंद्र चौबे, मुकेश चौबे संजय, छोटू ,सुरेश, गुलाब साहू, परमा नगरची, शंकर राव, सुखो बाई, आंसू बाई ,केला वाली मामी, बेंदो बाई , वीरू आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा नेत्री रेशमा शेख ने दी।



भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री रेशमा शेख लोकसभा क्षेत्र महासमुंद में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के समर्थन

# खंडेलवाल दिगम्बर जैन समिति के सौजन्य से आयोजित हुआ विशाल चिकित्सा शिविर

## शिविर 30 अप्रेल तक दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित है

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में खंडेलवाल दिगम्बर जैन समिति द्वारा विशाल स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिलीप (डिम्पल) कुमार जैन, भागचंद जैन, प्रवीण जैन, राकेश जैन, विनोद जैन, संजय जैन, सीमा बड़जात्या, ममता जैन, ज्योति जैन, तारा जैन आदि लोग उपस्थित रहे। एक्यूप्रेशर चिकित्सा के पहले दिन 30 लोगों का रजिस्ट्रेशन कर ईलाज किया गया। शिविर में आए लोगों ने एक्यूप्रेशर, एक्यूपंचर, सुजोक वाईब्रेशन चिकित्सा से इलाज कराया उन्हें चिकित्सा से लाभ मिला। आयोजकों ने जशपुर नगर के लोगों से अपील कि या है कि आप भी जल्दी से आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा कर इलाज शुरू करें। ऐसा शिविर शहर में बहुत कम आयोजित होते हैं। शिविर में मोटापा कमर दर्द घुटने दर्द शुगर सर्वाइकल थायराइड ब्लेडप्रेशर लकवाग्रस्त एंडी दर्द माइग्रेन पेट के रोग गैस कब्ज हर्निया प्रोस्टेट पुराना सिर दर्द आंखों के रोग किडनी स्टोन गठिया रोग जोड़ों का दर्द आदि अनेक प्रकार की बिमारियों का इलाज प्राकृतिक चिकित्सा एक्यूप्रेशर एक्यूपंचर सुजोक वाईब्रेशन द्वारा किया जाता है। शिविर में जोधपुर राजस्थान के डाक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर 24 अप्रेल से 30 अप्रेल तक सुबह समय-09.30 बजे से 12.30 बजे और शाम 03.30 बजे से 07.00 बजे तक श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित है।

# मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत मंडल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के लिए सभी निर्वाचन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य को पूरा करने हेतु पूरे देश में अलग-अलग तरीके से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा प्रमुख रेलवे स्टेशनों, रेलवे आवसीय परिक्षेत्र में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों, सभी प्रमुख कार्यस्थलों एवं रेलवे कालोनियों में मतदान जागरूकता से संबन्धित होर्डिंग्स, फ़्लेक्स एवं बैनर लगाकर यात्रियों तथा कालोनी वासियों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बिलासपुर सहित सभी प्रमुख स्टेशनों में लगे उद्घोषणा प्रणाली के द्वारा भी मतदाता जागरूकता के लिए संदेश प्रसारित कर यात्रियों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही साथ योजनाबद्ध तरीके से मतदाता जागरूकता से संबन्धित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रेलवे स्कूलों के बच्चों द्वारा स्कूल से रेलवे कालोनी होते हुये रेलवे स्टेशन तक रैली निकाल कर बैनर, पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से राहगीरों को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। रेलवे कर्मचारी व रेलवे स्काउट के बच्चे एसईसीएल द्वारा आयोजित बाइक रैली में शामिल हुये तथा पूरे शहर में भ्रमण कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिये 7 इस अभियान के तहत आज रेलवे स्कूल नं 02 के बच्चों द्वारा बिलासपुर स्टेशन परिसर के सामने मतदान जागरूकता से संबन्धित नुक्कड़-नाटक की जीवंत प्रस्तुति देकर शत-प्रतिशत मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

# जिले में बाल विवाह रोकने चलाया जा रहा अभियान बाल विवाह करने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

## यूनिसेफ स्वयं सेवकों द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए किया जा रहा जागरूक






पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में 'बाल विवाह रोकथाम' पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसमें युवोदय स्वयं सेवकों द्वारा विशेष जागरूकता अभियान के जरिए बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है। आगामी अक्षय तृतीया के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह रोकथाम की अपील की गई है और बाल विवाह करने वालों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के तहत युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर एवं बाल विवाह किए जाने वाले चिन्हित क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है। स्वयं सेवकों द्वारा माइकिंग, दीवार लेखन एवं पोस्टर बाँट कर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणमों के बारे में बताया जा रहा है, स्वयंसेवकों द्वारा बाल विवाह के रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण भी कराया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत, बाल विवाह को रोकने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुभ मुहूर्त के कारण अक्षय तृतीया पर विवाह काफी संभावना होती है। जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रयासों का समर्थन की कड़ी में पखवाड़े के तहत रैली, दीवारों पर नारा लेखन, हाट बाजारों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों में बाल विवाह के दुष्परिणामों के विषय में युवोदय मनोबल स्वयंसेवकों द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। पखवाड़ा के पहले दिन जिले में नारा लेखन के माध्यम से तथा सामुदायिक बैठक के जरिए बाल विवाह के दुष्परिणाम, शादी के लिए सही उम्र, बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 की जानकारी तथा किशोर बालक बालिकाओ को बाल संरक्षण तंत्र से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि जिले मे बाल विवाह को पूर्णतः समाप्त किया जा सके। बाल विवाह सम्बन्धी कोई भी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना चाइल्ड लाइन हेल्प लाइन 1098 पर कॉल कर या निकटतम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल के शिक्षक, सरपंच को दी सकती है।

# संजीवनी 108 की मदद से तीन घायलों को मिला त्वरित इलाज



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नाम के अनुरूप संजीवनी 108 एम्बुलेंस सेवा घायल मरीजों के लिए संजीवनी बनकर जीवन की रक्षा कर रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संजीवनी 108 एम्बुलेंस सेवा के जिला प्रबंधक दीपक कुमार साहू ने बताया कि जिला मुख्यालय में सन्ना रोड में भगत पेट्रोल पंप के दो मोटर साइकिल में जबरदस्त भिड़ंत हुआ जिसमें एक नगर सैनिक समेत तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। 108 में सूचना जाते ही तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लाया गया और उन्हें उचित ईलाज दिलाया गया। वर्तमान में घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। साहू ने बताया कि 108 की सेवा लगातार लोगों को दी जा रही है।

# मनोरा विकासखंड के डड़गांव और आसपास के ग्राम से 13 जायरीन उमराह के लिए मक्का मदीना हुए रवाना

**जायरीनों को फूल माला पहनाकर सबके लिए दुआ की गुजारिश कर किया रवाना**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



**ये हुए उमराह के लिए रवाना**

हाजी मुस्तकीम खान डड़गांव, नजमा खातून डड़गांव, तजमा खातून डड़गांव, कलीम कुरैशी गोविंदपुर, जैबुन खातून गोविंदपुर, मोजिबुल्लाह अंसारी डड़गांव,अजमेरुन अंसारी डड़गांव, हकीम अंसारी मनोरा सकरडीह, लाल खाँ केराडीह, रमजान अंसारी शंकरगढ महुआडीह, अयूब अंसारी गोविंदपुर, सालेहा खातून गोविंनपुर, सबीरन खातून गोविंदपुर।

जिला मुख्यालय के नजदीकी विकासखंड मनोरा के आश्रित ग्राम पंचायत डड़गांव और आसपास ग्राम के 13 जायरीन उमराह हज के लिए मुस्लिम धर्मावलंबियों को सबसे पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना रवाना हुए। सभी जायरीन 11 बजे की रेल यात्रा कर रांची से दिल्ली पहुंचेंगे और दिल्ली से फ्लाइट से तीर्थ स्थल मक्का-मदीना पहुंचेंगे। उमराह के लिए जा रहे जायरीनों को विदा करने उनके परिवार समेत दूर-दूर से मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित हुए। और इस्लामी नारों के साथ यात्रियों को रुख्सत किया। लोग उनसे गले मिले और फूल मालाएं पहनाकर उन्हें रुख्सत किया। इस दौरान हर मोमिन उमराह जायरीनों से यही कहता नजर आया कि हमारे लिए भी दुआएं करना, इस दौरान काफी संख्या में परिवार और मुस्लिम मौजूद रहे। जबलपुर से हजरत सैय्यद अहमद रब्बानी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# एसपी ने लोकतंत्र के महापर्व में सुबह आदर्श मतदान केंद्र रूद्री पोलिंग बूथ में जाकर किए मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



आज शुक्रवार 26 अप्रेल को पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा लोकतंत्र के महापर्व में सुबह आदर्श मतदान केन्द्र पोलिंग बूथ रूद्री में जाकर मतदान किए एवं मतदान केन्द्र में बनाए गये सेल्फी जोन में जाकर अपना फोटो भी लिए। लोकसभा निर्वाचन.2024 के अंतर्गत धमतरी जिले में हो रहे मतदान के पोलिंग बूथों का भ्रमण कर पोलिंग बूथों में लगे पुलिस बलों का निरीक्षण किया गया एवं बूथों में शांति एवं क़ानून व्यवस्था का जायजा लिये। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता को भयमुक्त होकर मतदान करने का अहसास कराया साथ ही निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की एवं थाना सिटी कोतवाली धमतरी एव कुरूद एवं नगरी क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया व चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस व अर्द्धसैनिक बल को शांति पूर्ण वातावरण में सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने का संदेश दिया।

# अग्नि के साथ फेरे लेने के पहले दुल्हन ने किया मताधिकार का प्रयोग

पायनियर संवाददाता ◄ नगरी/धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में धमतरी जिले के नगरी नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 11 में रहने वाली रोशनी यादव पिता नरेश कुमार यादव का आज विवाह सिहावा निवासी युवक के साथ होना है घर में बारात आने के पूर्व हल्दी और मेहंदी की रस्म संपन्न होने के बाद दुल्हन दूल्हे के साथ अग्नि के साथ फेरे लेने के पहले उसने अपने मताधिकार का प्रयोग एक्सीलेंट आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के बूथ क्रमांक 151 मे किया। युवाओं में मताधिकार का प्रयोग करने की उत्सुकता के चलते इस वार्ड की बेटी जिसे उस वार्ड की पार्षद पूनम बलजीत छाबड़ा ने अपने साथ ले जाकर मताधिकार का प्रयोग करवाया। पार्षद ने इस अवसर पर कहा कि जिले की निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा विगत 1 महीने से लोगों को वोट के लिए अपील कर जागरुक कर रही हैं उन्हीं से सीख लेते हुए मैं भी आज अपने वार्ड के युवाओं को मतदान के लिए अपील करने निकली थी मुझे पता चला कि आज मेरे वार्ड में रहने वाली युवति का विवाह है उनके घर जाकर उनके घर वालों को मताधिकार के लिए प्रोत्साहित कर मैंने उसे अपनी कार से पोलिंग बूथ तक ले जाकर मताधिकार का प्रयोग करवाया ।



# विवाह के मण्डप से दूल्हा-दुल्हन पहुंचे लोकतंत्र के महापर्व में वोट देने



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज जहां जिले में मतदान किया जा रहा है, वर्तमान में विवाह मुहूर्त होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। ऐसे ही युवक-युवतियां, जिनका आज विवाह कार्यक्रम चल रहा है, वे विवाह के साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने नजदीक के बूथ पहुंचे। एक ओर जहां दूल्हा बारात निकलने के पूर्व अपना वोट डाला, वहीं दुल्हन हल्दी रस्म के पहले अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान की। इसी तरह एक दिन पूर्व विवाह हुए वर-वधु भी नये दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करते हुए साथ मिलकर इस लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किए।

# लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए लू से बचाव, लक्षण एवं उपायों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। ज्ञात हो कि राज्य में भीषण गर्मी तथा तापमान में औसत रूप से हुई वृद्धि के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में लू चलने की संभावना है। सीएमएचओ ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण जन स्वास्थ्य प्रभावित होता है एवं ऐसी परिस्थितियों में स्वयं का बचाव आवश्यक होता है। लू लगने के लक्षणों में सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्क र और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का नहीं आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना एवं बेहोश होने जैसे स्थितियां शामिल है।

**लू से बचाव के उपाय**

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यता नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक समय तक धूप में न रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम, सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओरआरएस घोल पीये, चक्क र आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें, प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निःशुल्क परामर्श ले, उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी सलाह लें।

**लू लगने पर किये जाने वाले प्रारंभिक उपचार**

लू लगने की स्थिति में बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाये, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलाए जैसे कच्चा आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा दे, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जाए।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी, सीईओ जिपं, एसपी सहित जिलेवासी किये मतदान



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत शुक्रवार 26 अप्रेल को सुबह 7 बजे से लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक मतदान किया जा रहा था। जहां सुबह से ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने रूद्री स्थित मतदान केंद्र में मतदाताओं के साथ लाईन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की।

**प्रधानमंत्री सड़क के खराब हो जाने की मिली थी शिकायत...**

# अमलडीहा एवं उदईबंद रेत खदान संचालकों को थमाया नोटिस, इस माह 76 मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



तहसील मस्तूरी स्थित अमलडीहा एवं उदईबंद रेत खदान से बड़े वाहनों से रेत परिवहन करवाने के कारण प्रधानमंत्री सड़क के खराब हो जाने की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तूरी को ग्रामवासियों के द्वारा की गई थी जिस पर राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 20.04.2024 को ग्रामीणों की उपस्थिति में मौका जांच किया गया था। जिसमें खराब हो रही सड़क के मरम्मत कराने के संबंध में दोनों खदान संचालकों के प्रतिनिधियो के द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया है, जिस पर ग्रामीणों द्वारा सहमति दर्शायी गई थी। पुनः 24.04.2024 को सहायक खनि अधिकारी द्वारा खनि अमला सहित रेत खदान अमलडीहा एवं उदईबंद का आकस्मिक निरीक्षण सुबह 10 बजे किया गया। निरीक्षण में रेत खदान अमलडीहा में स्वीकृत क्षेत्र के भीतर से 02 नग चौन माउण्टेन लोडिंग मशीन-हुण्डई मॉडल 210 एवं मॉडल 205 पाया गया जिसे सहायक खनि अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत अमलडीहा के सरपंच की उपस्थिति में जप्त कर सुपुर्दगी लेने से इंकार किये जाने पर वाहन ऑपरेटर को ही सुपुदर्गी में लगभग सुबह 11.30 बजे दिया गया तथा अगामी आदेश तक मशीन से उत्खनन ना करने की हिदायत दी गई थी। उदईबंद रेत खदान में भी खदान क्षेत्र के भीतर 01 नग चौन माउण्टेन लोडिंग मशीन कामास्तु मॉडल 210 खनिज रेत लोडिंग करते पाए जाने पर पुनः ग्राम पंचायत अमलडीहा के सरपंच की उपस्थिति में जप्त कर वाहन ऑपरेटर को ही सुपुदर्गी में दिया गया। छ.ग. गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2019 तथा छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 में उल्लेखित प्रावधानो के तहत रेत खदान संचालकों द्वारा उत्खनिपट्टे की शर्तो का उल्लंघन किये जाने के कारण उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पट्टेदार से जवाब प्राप्त होने पर प्रावधानों के अनुरूप कड़ी कार्यवाही की जावेगी। खनि अमला द्वारा 25.04.2024 को रेत खदान लछनपुर का भी आकस्मिक जांच किया गया एवं मौके पर रेत खदान के भीतर चौन माउण्टेन पोकलेन को जप्त कर मशीन ऑपरेटर को सुपुदर्गी में दिया गया है तथा उक्त रेत खदान संचालक को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। खनिज अमले के द्वारा जांच में लछनपुर के समीप ही कोटवारी भूमि खसरा क्रमांक 535 रकबा 4.88 एकड़ का भू-स्वामी लक्ष्मीदास आत्मज स्व. मनीदास ग्राम कोटवार लछनपुर अमतरा के द्वारा अपना खेत सुधार करवाने के नाम पर लगभग 25 से 30 हाईवा भसुवा मिट्टी का उत्खनन कराया जाना पाया गया। भू-स्वामी के द्वारा ईश्वर प्रसाद शर्मा निवासी बिलासपुर के द्वारा मिट्टी उत्खनन कर ले जाना बताया गया है। उल्लेखनीय है कि किसी भी भूमि से मिट्टी उत्खनन कर उसका विक्रय किया जाना व्यवसायिक प्रायोजन की श्रेणी में आता है जिस पर खनिज रायल्टी देय होती है। उक्त प्रकरण में जांच कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। व्यवसायिक प्रायोजन में उपयोग किया जाना पाए जाने पर उत्खननकर्ता के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया जायेगा। जिला बिलासपुर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार खनिज, राजस्व, पुलिस विभाग द्वारा खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच किया जा रहा है एवं खनिजों के अवैध उत्खनन/ परिवहन/भण्डारण के प्रकरण पाये जाने पर खनिज नियमों/ आई.पी.सी. की धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिजों के अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भण्डारण के कुल 762 प्रकरण दर्ज कर कुल समझौता राशि 1,81,50,479 रू. वसूल कर खनिज मद में जमा कराया गया है एवं 13 प्रकरणों में पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज है तथा 06 प्रकरणों में सिविल न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के माह अप्रैल में अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भण्डारण के कुल 76 प्रकरण दर्ज कर कुल समझौता राशि 15,44,157 रू. जमा कराया गया है। शेष प्रकरणों में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। रतनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस विभाग द्वारा लगातार अवैध रेत, मिट्टी परिवहन कर रहे वाहनो पर कार्यवाही की जा रही है। अवैध कोयला परिवहन के 05 मामले भी दर्ज किये है जिन पर भी कार्यवाही जारी है। खनिज अमला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भण्डारण पर विभाग द्वारा सतत निरीक्षण कर कार्यवाही लगातार की जा रही है।

# कलेक्टर, जिला सीईओ, विधायक सहित दुल्हा के अलावा महिलाओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गांव गांव मजरा टोली में कलेक्टर एवं जिला प्रशासन द्वारा महीनों से मतदाता जागरूक अभियान का इस लोकसभा चुनाव परिणाम मिलने के आसार दिखाई पड़ रहा है। मतलब पिछले चुनाव में 74.51% मतदान के मुकाबले इस बार मतदान के प्रतिशत में काफी बढ़ोतरी होगी क्योंकि 5 बजकर 48 मिनट के रिपोर्ट अनुसार लोकसभा क्षेत्र में 71 प्रतिशत मतदान हो चुका रहा जिसमें राजिम विधानसभा में 72.02% और बिंद्रानवागढ़ में 78.84% वोट हो हुआ है मतदाता बिना धूप बारिश के परवाह किए बिना भारी उत्साह के बीच अपने मत का प्रयोग किया राजिम बिंद्रानवागढ़ विधायक सहित कलेक्टर दीपक अग्रवाल जिला सीईओ रीता यादव के अलावा अन्य अधिकारियों ने काफी उत्साह के साथ मतदान किया साथ ही साथ महिलाओं ने भी इस चुनाव काफी अधिक भागीदारी निभाने के आंकड़े सामने आ रहे हैं एवं अधेड़ उम्र और दिव्यांग ने भी इस चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया इसके अलावा देवभोग, मैनपुर सहित अन्य ब्लॉक में ज्यादातर महिला अपने रूटीन की काम-काज को छोड़ मतदान के लिए उत्साहित दिखी शायद यही वजह है की कई मतदान केंद्र में 80 से 82% वोट होने की बात कही जा रही है।



### बहिष्कार का आह्वान किए लोगों ने जिला प्रशासन की पहल किया मतदान

जिला प्रशासन की सबसे अच्छी पहल तो यह रही की जिन गांव के लोगो चुनाव बहिष्कार का आह्वान किया रहा उनको मनाने में कामयाब रही आपको बता दें की मैनपुर ब्लॉक के साइबिन कछार सहित अन्य गांव के लोगो ने अपनी मांग पूरा नही होने से नाराज होकर चुनाव बहिष्कार करने का आव्हान किया रहा लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लोकतंत्र के पर्व को समझने के बाद मतदान करने को राजी होकर बढ़चढ़ कर मतदान किया हालंकि कुछ गांव के ग्रामीणों ने मतदान से दूरी बना लिया खासकर देवभोग ब्लॉक कोसमकानी में लोगो ने बहिष्कार के आवाह्न के फेसला को बरकरार रखते मतदान में हिस्सा नही लिया सिर्फ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को छोड़ सभी ने चुनाव का बहिष्कार किया।

### पहले वोट फिर बारात

लोकतंत्र के पर्व की महत्त्व को समझते देवभोग ब्लॉक के प्रशांत सिन्हा ने पहले मतदान किया उसके बाद बारात के प्रस्थान किया जिसकी सराहना चौक चौराहा सहित अधिकारियों के बीच जमकर सुनने को मिला ऐसे ही जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मरोदा में देखने को मिला जहां दूल्हा ने पहले मतदान को प्राथमिकता देते वोट करने पहुंचा।

# मतदान के दौरान बिगड़ा माहौल : महिला कार्यकर्ता के साथ झूमाझटकी, भूपेश के खिलाफ लगे नारे

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष के गांव टेड़ेसरा में खड़ा हुआ हंगामा

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मतदान के दौरान ग्राम टेड़सरा में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की मौजूदगी में जमकर हंगामा हुआ। मामला इतना बढ़ा की कांग्रेसी-भाजपाईयों के बीच धक्का मुक्की की नौबत आ गई। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष के परिजनों द्वारा मारपीट के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद यहां भूपेश बघेल के खिलाफ जमकर नारे बाजी भी हुई। इस घटना का विडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ।

दरअसल, मतदान के दौरान जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल टेड़ेसरा पहुंचे तो उनके साथ कई कांग्रेसी बूथ में जाने लगे। यहां मौजूद भाजपा की कार्यकर्ता और पूर्व सरपंच की पत्नी पद्मनी साहू ने इसका विरोध किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के परिजनों ने उनसे धक्का मुक्की की। इस घटना के बाद यहां माहौल बिगड़ गया। कांग्रेस-भाजपा के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए और दोनों के बीच झड़प की स्थिति बन गई। भाजपाईयों ने भूपेश बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्राम टेड़ेसरा के पूर्व सरपंच की पत्नी पद्मनी साहू ने इस घटना में मारपीट को लेकर पुलिस में लिखित शिकायत दी है। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद व भाजपा नेता अभिषेक सिंह भी यहां पहुंचे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत कर मामले को समझा। इसके बाद उन्होंने पीड़ितों को थाने में रिपोर्ट करवाने के लिए भी कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा इस घटना की शिकायत निर्वाचन आयोग से भी करेगी। टेड़ेसरा की इस घटना को लेकर उबाल आ गया है। भूपेश बघेल और संतोष पांडेय ने सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे पर निशाना साधा है। भूपेश ने जहां भाजपा की गुंडागर्दी की बात कही तो दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने पूर्व मुख्यमंत्री के सामने कांग्रेसियों द्वारा महिला के आरोप का मुद्दा उठाया है।

### सोशल मीडिया में एक दूसरे पर साधा निशाना

टेड़ेसरा में घटी घटना को लेकर भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट पर लिखा कि, मैं स्वयं प्रत्याशी हूं और उसे भाजपा के लोग पोलिंग बूथ पर जाने से रोक रहे हैं। भाजपा बूथों पर अपने गुंडे भेजकर लोगों को डराने, धमकाने का काम कर रही है। अपने खिलाफ लोगों का रुझान देखकर छर्रे और उनके आका दोनों बौखला गए हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करें। इनकी विदाई तय हो चुकी है। जितना अधिक मतदान होगा, उतना ज़्यादा ये छाती पीटेंगे। इसका जवाब देते हुए संतोष पांडे ने लिखा है कि, खिसयानी बिल्ली खम्भा नोचे। भूपेश बघेल और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का यही हाल हो गया है। भूपेश आपके सामने ही आपके कार्यकर्ता एक महिला से मारपीट कर रहें हैं उनका अपमान कर रहें हैं, क्या यही है आपकी व आपकी पार्टी की महिलाओं के प्रति मानसिकता?

### ईवीएम में फोटो भी भी भीड़े

इधर, ईवीएम में प्रत्याशियों की फोटो को लेकर भी भूपेश ने आपत्ति की है। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा कि, लोकसभा के मतदाता फ़ोन करके शिकायत कर रहे हैं कि ईवीएम में बाकी प्रत्याशियों की फ़ोटो बड़ी और स्पष्ट है लेकिन मेरी फ़ोटो छोटी और अपेक्षाकृत अस्पष्ट है। फ़ोटो तो वैसी ही दी गई थी जैसी चुनाव आयोग ने मांगी थी। यह निष्पक्षता के चुनाव आयोग के दावों की कलई खोलता है। क्या यह षडयंत्रपूर्वक किया गया है? लेकिन इससे परिणाम नहीं बदलने वाला है।

संतोष पांडेय ने भी इसका जवाब दिया। उन्होंने लिखा कि, भूपेश जी को अभी से अपनी हार का आंकलन हो गया है। पहले ईवीएम पर सवाल और अब फोटो छोटी होने की अनावश्यक बातें कर रहें हैं। जिनकी सोच और मानसिकता छोटी है, जनता उन्हें अब उनका कद भी बताने वाली है। बोरिया-बिस्तर समेटे के तैयारी कर लो भूपेश जी काबर की भाजपा फेर आवत हे।

# मतदाताओं के लिए श्री बालाजी हॉस्पिटल की अभिनव पहल निःशुल्क ओपीडी, ओपीडी जांच में भी 50 फीसदी की छूट

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी की सुप्रसिद्ध श्री बालाजी हॉस्पिटल ने मतदाताओं के लिए एक अभिनव पहल की है। 7 मई मतदान के दिन अस्पताल द्वारा ओपीडी निःशुल्क करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही 8 मई से 12 मई तक ओपीडी जांच में 50 फीसदी छूट देने का निर्णय लिया गया है। हॉस्पिटल प्रबंधन से मिली जानकारी अनुसार श्री बालाजी फैमिली हेल्थ कार्ड में भी ओपीडी जांच में छूट प्रदान की जाएगी। यह कार्ड पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।




### गर्मी में राहत का नींबू पानी

हॉस्पिटल प्रबंधन ने ना सिर्फ मतदाताओं को जाँच और ओपीडी में छूट प्रदान करने का फैसला लिया बल्कि वोटरों को गर्मी में राहत का नींबू पानी भी बालाजी हॉस्पिटल द्वारा प्रदान किया जाएगा। मिली जानकारी अनुसार तक़रीबन 22 हजार वोटरो के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। मोवा में 22 बूथ के लगभग सभी मतदाताओं को नींबू पानी पिलाया जाएगा।

# रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने पूरा किया मालवीय रोड में अंडर ग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर के व्यस्ततम व पुराने व्यावसायिक परिक्षेत्र के रूप में पहचान रखने वाले मालवीय रोड को सुव्यस्थित करने का कार्य रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पूर्ण कर लिया है। नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इस मुख्य मार्ग में बेतरतीब बिजली के तारों को भूमिगत केबल बिछाकर व्यवस्थित किया गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत मालवीय रोड के 650 मीटर लंबे मार्ग से 11 केबी एचटी के साथ एलटी लाइन की अंडर ग्राउंड केबलिंग की गई है तथा सीएसपीडीसीएल द्वारा पूर्व में स्थापित खंभे को हटाने का कार्य भी किया गया है। लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण किए गए इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने से सड़कों के उपर फैले बिजली के तार हटा दिए गए है, वहीं केबल कनेक्शन के तार बिजली के खंभों पर लगे होने से तारों का जो जाल दिखाई देता था, उसे भी दूर किया गया है।

# चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मनाया गया मतदान जागरूकता दिवस




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोई भी मतदाता पीछे ना छूटे के उद्देश्य से धरसीवा क्षेत्र व बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के आसपास के 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को लोकसभा चुनाव में मतदान देने के लिए चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी के स्टाफ द्वारा प्रेरित किया गया । इसके अलावा शत त्न मतदान के लिए हमें स्वयं भी वोट और डालना है और परिजन वह पड़ोसियों से भी मतदान कराना है । तथा सामान्य जन समुदाय को मतदाता सूची में अपना नाम जचने व नाम जुड़वाने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया । मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ-साथ शत त्न मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई ।

# सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कांग्रेस भवन में ली बैठक, राहुल की सभा के लिए तैयारी

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने 29 अप्रैल को बिलासपुर में राहुल गांधी की चुनावी सभा के मद्दे नजर कांग्रेस भवन में पार्टी नेताओ की बैठक ली। उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 29 अप्रैल को हमारे नेता राहुल गांधी की आमसभा हो रही है। सभा को सफल बनाने के लिए हम सभी को काम करना है। लोकसभा क्षेत्र के लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी और कोटा से बड़ी संख्या में लोग आएंगे, विधानसभा की जिम्मेदारी वहां के विधायक और विधायक प्रत्याशियों को दी जाएगी। फिर वे ब्लाक, ज़ोन, सेक्टर, बूथ के माध्यम से सुविधानुसार व्यवस्थित करेंगे। सभी विधानसभा में पीसीसी ने प्रभारी भी बना दिये गए ।जो उनके साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा आमसभा में जनता स्वस्फूर्त आती है। लोग राहुल गांधी को सुनने के लिए आते है। जांगिड़ ने कहा कि नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में देश महंगाई, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की दलदल में फंस चुकी है। भाजपा के लोग भी डरे-सहमे हुए है और इस बात को कहते है कि देश मे सब कुछ ठीक नही है। देश गरीबी सूचकांक में 116 देशों में 101 नम्बर पर है, इलेक्ट्रोलर बांड बड़ा घोटाला है। जांगिड़ ने कहा कि कांग्रेस जनता को 5 गारंटी दे रही है। महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को कानूनी वैधता, युवाओ को एक लाख, मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 400 रुपये जैसे जनकल्याण कारी है। बैठक में जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल, ज़िला अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, महापौर रामशरण यादव, सभापति शेख नजीरुद्दीन, धर्मेंद्र यादव, दीपक मिश्रा, महेंद्र गंगोत्री, पंकज सिंह, देवेंद्र सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, राजेश पांडेय, नरेंद्र बोलर, राकेश शर्मा, ऋषि पांडेय, प्रशांत मिश्रा, जावेद मेमन, विनोद साहू, मोती ठारवानी, नागेंद्र राय, बिहारी देवांगन, पिंकी बतरा, संध्या तिवारी, रामशंकर बघेल, सीताराम जायसवाल, मनीष गदेवाल, सुभाष ठाकुर, दिनेश सूर्यवँशी, नीलेश मंडहेवार, सीमा पांडेय, शांति उपाध्याय, तृप्ति चन्दा, बिंदु जायसी, अन्नपूर्णा ध्रुव, किरण धुरी, आदि उपस्थित थे।

### महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लामा और फूलो देवी नेताम आज आ रहीं

महिला कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्षा अल्का लाम्बा एवं प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम आज 27 अप्रैल को दोपहर 1.00 बजे बिलासपुर आ रही है। अल्का लाम्बा एवं फूलो देवी कांग्रेस भवन में कांग्रेसजनों की बैठक लेंगे। और दोपहर 3.00 बजे मस्तूरी-जयराम नगर मोड़ में आयोजित बैठक में भाग लेंगे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403